उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# UPPSC सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

### संयुक्त प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा

UPPSC से संबंधित सामान्य ज्ञान की short theory का समावेश

# अध्यायवार सॉल्वड पेपर्स

(सामान्य अध्ययन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, विविध, यूपी सामान्य ज्ञान, हिंदी, English, तर्कशक्ति, गणित एवं अन्य विषयों पर प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल सहित अध्यायवार समावेश।)

**(2010 - 2021) Bilingual सॉल्वड पेपर्स**

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा**
- सामान्य अध्ययन, 24 अक्टूबर, 2021
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 24 अक्टूबर, 2021
- सामान्य अध्ययन, 11 अक्टूबर, 2020
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 11 अक्टूबर, 2020
- सामान्य अध्ययन, 2019
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2019
- सामान्य अध्ययन, 2018
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2018
- सामान्य अध्ययन, 2017
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2017
- सामान्य अध्ययन, 2016
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2016
- सामान्य अध्ययन, 2015
- सामान्य अध्ययन (पुनर्परीक्षा), 2015
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2015
- सामान्य अध्ययन, 2014
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2014
- सामान्य अध्ययन, 2013
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2013
- सामान्य अध्ययन, 2012
- (CSAT) एप्टीट्यूड टेस्ट, 2012

**BEO प्रवक्ता परीक्षा 16 जुलाई 2021**

**GIC प्रवक्ता परीक्षा सॉल्वड पेपर 19 सितम्बर 2021**

**अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2021**
- सामान्य अध्ययन: 05.12.2021
- सामान्य हिन्दी: 05.12.2021

**अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, 2016**
- सामान्य अध्ययन: 20.09.2020
- सामान्य हिन्दी: 20.09.2020

2017
- सामान्य अध्ययन: 08.04.2018
- सामान्य हिन्दी: 08.04.2018

2016
- सामान्य अध्ययन: 27.11.2016
- सामान्य हिन्दी: 27.11.2016

2014
- सामान्य अध्ययन
- सामान्य हिन्दी

2013
- सामान्य अध्ययन
- सामान्य हिन्दी

2010
- सामान्य अध्ययन
- सामान्य हिन्दी

**अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010**
- सामान्य अध्ययन
- सामान्य हिन्दी


| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB768 | ₹ 399 | 510 |

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

# UPPSC
# सामान्य अध्ययन
## GENERAL STUDIES
### संयुक्त प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा

## अध्यायवार
## सॉल्व्ड पेपर्स


Prepared by:

Examcart Experts





AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS

EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

Book Name | UPPSC सामान्य अध्ययन अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

Editor Name | Rahul Agarwal

Edition | Latest

Published by | Agrawal Group Of Publications (AGP)
© All Rights reserved.
ADDRESS (Head office) | 28/115 Jyoti Block, Sanjay Place, Agra, U.P. 282002

CONTACT | quickreply@agpgroup.in
We reply super fast

BUY BOOK | www.examcart.in
Cash on delivery available

WHATSAPP (Head office) | 8937099777

PRINTED BY | Schoolcart

DESKTOP PUBLISHING | Agrawal Group Of Publications (AGP)

ISBN | 978-93-5561-023-2

© COPYRIGHT | Agrawal Group Of Publications (AGP)

**Disclaimer:** This teaching material has been published pursuant to an undertaking given by the publisher that the content does not in any way whatsoever violate any existing copyright or intellectual property right. Extreme care is put into validating the veracity of the content in this book. However, if there is any error found, please do report to us on the below email and we will re-check; and if needed rectify the error immediately for the next print.

## ATTENTION

No part of this publication may be re-produced, sold or distributed in any form or medium (electronic, printed, pdf, photocopying, web or otherwise) on Amazon, Flipkart, Snapdeal without the explicit contractual agreement with the publisher. Anyone caught doing so will be punishable by Indian law.

इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा प्रकाशक के साथ स्पष्ट संविदात्मक समझौते के बिना अमेज़न, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील पर किसी भी रूप या माध्यम (इलेक्ट्रॉनिक, मुद्रित, पीडीएफ, फोटोकॉपी, वेब या अन्यथा) में फिर से उत्पादित, बेचा या वितरित नहीं किया जा सकता है। जो कोई भी ऐसा करता हुआ पकड़ा जाएगा, वह भारतीय कानून द्वारा दंडनीय होगा।

**AGP contributes Rupee One** on every book purchased by you to the **Friends of Tribals Society** Organization for better education of tribal children.

# UPPSC की 2010-2021 तक की

## निम्न परीक्षाओं में पूछे गये सभी प्रश्नों को अध्यायवार दिया गया है–

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| | उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा | |
| **1.** | • सामान्य अध्ययन | 24 अक्टूबर, 2021 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 24 अक्टूबर, 2021 |
| **2.** | • सामान्य अध्ययन | 11 अक्टूबर, 2020 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 21 अक्टूबर, 2020 |
| **3.** | • सामान्य अध्ययन | 2019 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2019 |
| **4.** | • सामान्य अध्ययन | 2018 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2018 |
| **5.** | • सामान्य अध्ययन | 2017 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2017 |
| **6.** | • सामान्य अध्ययन | 2016 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2016 |
| **7.** | • सामान्य अध्ययन | 2015 |
| | • सामान्य अध्ययन (पुनर्परीक्षा) | 2015 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2015 |
| **8.** | • सामान्य अध्ययन | 2014 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2014 |
| **9.** | • सामान्य अध्ययन | 2013 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2013 |
| **10.** | • सामान्य अध्ययन | 2012 |
| | • **(CSAT)** एप्टीट्यूड टेस्ट | 2012 |
| **11.** | **BEO** प्रवक्ता परीक्षा | 16 जुलाई, 2021 |
| **12.** | **GIC** प्रवक्ता परीक्षा | 19 सितम्बर, 2021 |
| **13.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, **2021** | |
| | • सामान्य अध्ययन | 05-12-2021 |
| | • सामान्य हिन्दी | 05-12-2021 |

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| **14.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2016** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | 20-09-2020 |
| | ● सामान्य हिन्दी | 20-09-2020 |
| **15.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2017** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | 08-04-2018 |
| | ● सामान्य हिन्दी | 08-04-2018 |
| **16.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2016** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | 27-11-2016 |
| | ● सामान्य हिन्दी | 27-11-2016 |
| **17.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2014** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | |
| | ● सामान्य हिन्दी | |
| **18.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2013** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | |
| | ● सामान्य हिन्दी | |
| **19.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) पुनर्परीक्षा, **2010** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | |
| | ● सामान्य हिन्दी | |
| **20.** | अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, **2010** | |
| | ● सामान्य अध्ययन | |
| | ● सामान्य हिन्दी | |

# विषय–सूची


**अध्याय** **पृष्ठ सं.**

❑ **UPPSC संक्षिप्त सामान्य जानकारी** **1-21**

**सामान्य अध्ययन** **1-337**

**1. प्राचीन भारत का इतिहास** **1-13**

- इतिहास जानने के स्रोत
- सिन्धु घाटी सभ्यता
- वैदिक सभ्यता
- छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)
- अन्य धार्मिक आन्दोलन (भागवत, शैव, वैष्णव धर्म आदि)
- छठी शताब्दी पूर्व राजनैतिक दशा (महाजनपद काल)
- यूनानी आक्रमण
- मौर्य काल
- गुप्त काल
- गुप्तोत्तर काल
- संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य
- पूर्व मध्य काल

**2. मध्यकालीन भारत का इतिहास** **14-27**

- भारत पर मुस्लिम आक्रमण
- दिल्ली सल्तनत का उदय
- बहमनी तथा विजयनगर साम्राज्य
- उत्तर भारत तथा दक्षिण के प्रांतीय राजवंश
- भक्ति एवं सूफी आन्दोलन
- मुगलवंश का उदय तथा पतन
- सिख सम्प्रदाय
- मराठा राजवंश

**3. आधुनिक भारत का इतिहास** **28-61**

- भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन
- ईस्ट इण्डिया कंपनी तथा बंगाल के नवाब
- क्षेत्रीय राज्य (पंजाब एवं मैसूर)
- गवर्नर/गवर्नर जनरल/वायसराय
- ब्रिटिश साम्राज्य का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव
- 1857 की क्रान्ति
- अन्य जन आन्दोलन
- आधुनिक भारत में शिक्षा का विकास
- आधुनिक भारत में प्रेस का विकास
- सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आन्दोलन
- कांग्रेस से पूर्व स्थापित राजनैतिक संस्थाएँ
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारत का स्वतंत्रता संघर्ष

**4. कला एवं संस्कृति** **62-64**

**5. भारत का भूगोल** **65-117**

- भारत का भौतिक विभाजन
- भारत का अपवाह तंत्र
- भारत की मृदा
- भारत में सिंचाई
- भारत में वन्य जीव
- भारत की बहुउद्देशीय परियोजनाएँ
- भारत की प्राकृतिक वनस्पति
- भारत में कृषि एवं पशुपालन

- भारत में खनिज संसाधन
- भारत में ऊर्जा स्रोत
- भारत में उद्योग
- भारत में परिवहन
- भारत में अनुसंधान केन्द्र
- भारत में पर्यटन स्थल
- भारत में प्रजातियाँ/जनजातियाँ
- भारत जनसांख्यिकी
- भारत : विविध

**6. विश्व का भूगोल** **118-170**

- ब्रह्माण्ड
- सौरमंडल तथा ग्रह
- पृथ्वी की गतियाँ तथा काल्पनिक रेखाएँ
- ज्वालामुखी
- वायुमण्डल
- विश्व के महाद्वीप
- विश्व की पर्वत श्रेणियाँ
- विश्व में प्रमुख पठार
- विश्व की प्रमुख घाटियाँ
- विश्व में शुष्क प्रदेश/मरुस्थल
- विश्व के प्रमुख घास के मैदान
- विश्व के देशों से सम्बन्धित तथ्य (महाद्वीप)
- विश्व के प्रमुख समुद्र
- महासागरीय धाराएँ
- महासागरीय लवणता
- विश्व की नदियाँ तथा उनके किनारे स्थित नगर
- नदियों द्वारा निर्मित स्थलरूप
- विश्व के प्रमुख द्वीप
- विश्व की प्रमुख झीलें तथा जलप्रपात
- विश्व की प्रमुख नहरें
- वायुमंडल की संरचना
- वायुदाब
- बादल तथा वर्षा
- पवनें तथा उनके प्रकार
- विश्व की प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्य जीव
- विश्व की जलवायु
- विश्व की प्रजातियाँ तथा जनजातियाँ
- विश्व में परिवहन
- विश्व में उद्योग
- विश्व में खनिज संसाधन
- विश्व में कृषि एवं पशुपालन
- विश्व : विविध
- पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी
- पृथ्वी की उत्पत्ति तथा भूगर्भीय इतिहास
- पृथ्वी की आंतरिक संरचना
- भूकंप
- विश्व के प्रमुख बाँध
- विश्व की मृदा

**7. भारतीय अर्थव्यवस्था** **171-201**

- भारतीय अर्थव्यवस्था का परिचय
- वृद्धि, विकास एवं खुशहाली
- आर्थिक नियोजन
- आर्थिक सुधार
- मुद्रास्फीति एवं व्यापार
- कृषि एवं खाद्य प्रबंधन
- उद्योग एवं विनिर्माण
- सेवा क्षेत्र
- भारतीय वित्त बाजार
- भारत में बैंकिंग व्यवस्था
- भारत में प्रतिभूति बाजार
- भारत का वैदेशिक क्षेत्र

- अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संगठन एवं भारत
- भारत में कर संरचना
- भारत में मानव विकास
- अर्थव्यवस्था : विविध

**8. भारतीय संविधान** **202-256**

- भारत में संवैधानिक विकास
- भारतीय संविधान सभा
- भारतीय संविधान की उद्देशिका
- भारतीय संविधान के भाग, अनुच्छेद तथा अनुसूचियाँ
- भारतीय संविधान के स्रोत
- शासन प्रणाली
- संघ और उसका राज्य क्षेत्र
- नागरिकता
- मूल अधिकार
- राज्य के नीति निदेशक तत्त्व
- मूल कर्तव्य
- राष्ट्रपति
- उप-राष्ट्रपति
- प्रधानमंत्री तथा मंत्री परिषद्
- महान्यायवादी तथा महालेखा परीक्षक
- संसद
- भारतीय न्यायपालिका
- राज्यपाल
- राज्य का विधानमंडल
- मुख्यमंत्री तथा मंत्री परिषद्
- केंद्र राज्य सम्बन्ध
- आपात उपबंध
- विभिन्न आयोग एवं अधिकरण
- लोकपाल तथा लोकायुक्त
- चुनाव आयोग
- राजनीतिक दल
- अस्थाई तथा विशेष प्रावधान
- संविधान संशोधन
- स्थानीय स्वशासन तथा सहकारिता
- कुछ वर्गों के लिए विशेष उपबंध
- विविध

**9. भौतिक विज्ञान** **257-267**

- मापन एवं विमायें
- बल एवं गति
- कार्य, सामर्थ्य तथा ऊर्जा
- पदार्थों के गुण
- ऊष्मा तथा ताप
- विद्युत एवं चुम्बकत्व
- तरंगें एवं ध्वनि
- प्रकाश एवं प्रकाशिक यंत्र
- आधुनिक भौतिकी
- विभिन्न आविष्कार तथा आविष्कारक
- गुरुत्वीय बल तथा त्वरण

**10. रसायन विज्ञान** **268-278**

- पदार्थ या द्रव्य
- परमाणु तथा अणु
- रासायनिक अभिक्रियाएँ तथा परिवर्तन
- अम्ल, क्षार तथा लवण
- धातु, निष्कर्षण एवं मिश्रधातु
- कुछ महत्वपूर्ण तत्व एवं यौगिक
- कार्बन तथा उसके यौगिक
- ईंधन तथा दहन
- मानव निर्मित वस्तुएँ
- तत्वों का वर्गीकरण

**11. जीव विज्ञान** **279-299**

- जीवों का वर्गीकरण
- कोशिका तथा ऊतक
- मानव शरीर के तंत्र तथा रोग
- जीवों में पोषण तथा पोषण संबंधी रोग
- पादप कार्यिकी
- जैव विकास तथा आनुवंशिकी
- आविष्कार एवं आविष्कारक
- सूक्ष्मजीव तथा उनसे होने वाली बीमारियाँ

**12. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी** **300-307**

- रक्षा प्रौद्योगिकी
- कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी
- जैव प्रौद्योगिकी

**13. विविध** **308-317**

- भारत एवं विश्व में प्रथम महिला
- भारत एवं विश्व में सबसे बड़ा, लंबा, ऊँचा
- देशों के राष्ट्रीय स्मारक
- देशों के राष्ट्रीय चिह्न
- अंतर्राष्ट्रीय सीमाएँ
- संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य प्रमुख संगठन
- अंतर्राष्ट्रीय वर्ष, सप्ताह तथा दिवस
- भारत के प्रमुख पर्यटन स्थल
- भारत के प्रमुख संस्थान
- विश्व एवं भारत के पुरस्कार एवं सम्मान
- महान व्यक्तियों से सम्बन्धित कार्य
- प्रमुख लेखक एवं उनकी पुस्तकें
- खेलकूद तथा उनसे सम्बन्धित सम्मान
- भारत के प्रमुख शोध संस्थान
- विश्व एवं भारत के प्रमुख व्यक्तित्व
- भारत का प्रतिरक्षा तंत्र

❖ **उ.प्र. का सामान्य ज्ञान** **318-337**

- ऐतिहासिक अध्ययन
- भौतिक संरचना
- जलवायु
- मिट्‌टी, कृषि एवं पशुपालन
- खनिज संसाधन
- ऊर्जा संसाधन
- उद्योग
- वन्य जीव एवं वन्य सम्पदा
- परिवहन तंत्र
- जनगणना परिदृश्य
- कला एवं संस्कृति
- पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल
- आर्थिक परिदृश्य
- प्रमुख व्यक्तित्व
- शिक्षा एवं साहित्य
- अनुसूचित जनजातियाँ
- कल्याणकारी योजनाएँ
- राजनैतिक एवं प्रशासनिक ढाँचा
- मूलविधि
- विविध

**हिन्दी** **1-48**

**1. हिंदी भाषा का विकास तथा कार्य रचनाएँ एवं भाषा शैली** **1**

**2. वर्ण विचार** **2-5**

| | | |
|---|---|---|
| 3. | संधि | 6 |
| 4. | शब्द विचार | 7-11 |
| 5. | हिन्दी व्याकरण | 12-18 |
| 6. | पर्यायवाची शब्द | 19-24 |
| 7. | विलोमार्थी शब्द | 25-29 |
| 8. | श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द (एकार्थी शब्द एवं अनेकार्थी शब्द) | 30 |
| 9. | समास | 31 |
| 10. | वाक्य : अंग भेद, रचना, पदबंध, विराम चिह्न, उपसर्ग एवं रिक्त स्थानों की पूर्ति | 32 |
| 11. | वाक्यगत अशुद्धियाँ | 33-36 |
| 12. | वाक्यांश के लिए एक शब्द | 37-41 |
| 13. | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 42 |
| 14. | अपठित गद्यांश | 43-48 |
| | **English** | **1-13** |
| 1. | Noun | 1 |
| 2. | Pronoun | 1 |
| 3. | Adjective | 1 |
| 4. | Adverb | 1-2 |
| 5. | Preposition | 2 |
| 6. | Conjunction | 2 |
| 7. | Non-Finite Verb (Infinitive, Gerund and Participle) | 2-3 |
| 8. | Syntax | 3 |
| 9. | Article | 3 |
| 10. | Transformation of Sentences | 3 |
| 11. | Voice | 3-4 |
| 12. | Narration | 4-6 |
| 13. | Synonyms | 6 |
| 14. | Antonyms | 6-7 |
| 15. | Idioms and Phrases/Proverbs | 7 |
| 16. | One Word Substitution | 7-8 |
| 17. | Spelling Test | 8-9 |
| 18. | Punctuation | 9 |
| 19. | Comprehension | 9-13 |

| गणित | 1-40 |
| --- | --- |
| 1. संख्या पद्धति | 1-2 |
| 2. म.स.प. एवं ल.स.प. | 3 |
| 3. भिन्न एवं दशमलव संख्याएँ | 4-5 |
| 4. सरलीकरण (वर्ग एवं वर्गमूल तथा घातांक एवं करणी) | 6 |
| 5. औसत | 7 |
| 6. अनुपात एवं समानुपात तथा साझेदारी | 8-9 |
| 7. आयु सम्बन्धी प्रश्न | 10 |
| 8. प्रतिशतता | 11-12 |
| 9. लाभ–हानि एवं बट्टा | 13-14 |
| 10. समय और कार्य | 15-16 |
| 11. ब्याज | 17-18 |
| 12. समय, चाल एवं दूरी | 19 |
| 13. सांख्यिकी | 20-23 |
| 14. समंकों का विश्लेषण | 24-25 |
| 15. क्षेत्रमिति (समतलीय आकृतियों का क्षेत्रफल) | 26-29 |
| 16. बीजगणित | 30-32 |
| 17. एक व दो चरों वाले रैखिक समीकरण | 33-34 |
| 18. ज्यामिति | 35-38 |
| 19. श्रेणी | 39 |
| 20. समुच्चय तथा प्रायिकता | 40 |

| तर्कशक्ति | 1-50 |
| --- | --- |
| 1. अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण | 1 |
| 2. सांकेतिक भाषा परीक्षण | 2-4 |
| 3. सादृश्यता परीक्षण | 5-6 |
| 4. वर्गीकरण | 7-9 |
| 5. शब्दों का तार्किक क्रम | 10-11 |
| 6. शृंखला परीक्षण | 12-14 |
| 7. रक्त सम्बन्ध | 15-17 |
| 8. दिशा परीक्षण | 18-21 |
| 9. श्रेणी परीक्षण | 22-23 |
| 10. लुप्त पद ज्ञात करना | 24-27 |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | पासा, घन एवं घनाभ | 28 |
| 12. | वेन आरेख | 29-32 |
| 13. | समय—क्रम परीक्षण | 33-35 |
| 14. | समस्या को सुलझाना | 36-38 |
| 15. | अंकगणितीय तर्कशक्ति | 39-41 |
| 16. | अभाषिक तर्कशक्ति | 42-43 |
| 17. | तार्किक तर्कशक्ति | 44-50 |

इतिहास

अध्याय 1

# प्राचीन भारत का इतिहास
# (History of Ancient India)

## इतिहास जानने के स्रोत

**1.** निम्नलिखित में से किस भारतीय पुरातत्त्ववेत्ता ने पहली बार 'भीमबेटका गुफा' को देखा और उसके शैलचित्रों के प्रागैतिहासिक महत्व को खोजा?

Which of the following Indian Archaeologists first visited 'Bhimbetka Caves' and discovered prehistoric significance of its rock paintings ?

(A) माधो स्वरूप वत्स/Madho Swaroop Vatsa
(B) एच. डी. संकालिया/H. D. Sankalia
(C) वी. एस. वाकंकर/V. S. Wakankar
(D) वी. एन. मिश्रा/V. N. Mishra

**[UPPSC (प्रा.) परीक्षा, 11-10-2020 (प्र.पे.)]**

**1.** (C) वी. एस. वाकंकर वह व्यक्ति और भारतीय पुरातत्त्ववेत्ता हैं, जिन्होंने पहली बार 'भीमबेटका गुफा' को देखा और उसके शैलचित्रों के प्रागैतिहासिक महत्व को खोजा। ज्ञात हो कि भीमबेटका भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि–मानव द्वारा बनाये गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है।

**2.** निम्नलिखित में से किस स्थान पर मध्यपाषाण काल में पशु पालन के प्रमाण मिलते हैं ?

Which among the following sites provides evidence of domestication of animals in the Mesolithic period?

(A) औदे/Odai
(B) बोरी/Bori
(C) बागोर/Bagar
(D) लखनियाँ/Lakhnia

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**2.** (C) बागोर से मध्यपाषाण काल में पशु-पालन के प्रमाण मिलते हैं। यह राजस्थान में भीलवाड़ा के निकट कोठारी नदी के किनारे **प्रागैतिहासिक** स्थल है। यहाँ से मध्यपाषाण काल के पाँच मानव कंकाल भी मिले हैं। मध्य पाषाण काल में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बहुत छोटे होते थे, इसलिए इन्हें माइक्रोलिथ कहते हैं। इस काल के मानव के अस्थिपंजर का सबसे पहला अवशेष प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के सरायनाहर तथा महदहा नामक स्थान से प्राप्त हुआ है।

**3.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | **अभिलेख** | | **शासक** |
|---|---|---|---|
| (A) | नासिक | – | गौतमीपुत्र |
| (B) | हाथीगुम्फा | – | खारवेल |
| (C) | भितरी | – | पुलकेशिन द्वितीय |
| (D) | गिरनार | – | रुद्रदामन प्रथम |

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**3.** (C) अभिलेख पत्थर, अथवा धातुओं की सतह पर उत्कीर्ण की गई उस पाठन सामग्री को कहा जाता है जो किसी विशेष व्यक्ति के द्वारा किसी धर्म के उपचार करने के उद्देश्य से उत्कीर्ण की जाती है। प्राचीन काल से ही इनका उपयोग हो रहा है।

सही सुमेल इस प्रकार है–

| **अभिलेख** | **शासक** |
|---|---|
| ऐहोल का अभिलेख | –पुलकेशिन द्वितीय द्वारा उत्कीर्ण कराया गया |
| नासिक अभिलेख | –गौतमी पुत्र द्वारा बनवाया गया। |
| हाथीगुम्फा अभिलेख | –खारवेल के काल में बना। |
| भितरी अभिलेख | –स्कंदगुप्त के समय में निर्मित हुआ। |
| गिरनार का अभिलेख | –रुद्रदामन प्रथम ने बनवाया था। |

**4.** निम्नलिखित में से किसे प्रारंभिक भारतीय पुरातत्त्व की मुख्य अवधियों के घटनाक्रम के अनुसार क्रमबद्ध किया गया है ?

Which of the following is arranged as per the timeline of Major Periods in Early Indian Archaeology ?

(A) नवपाषाण → मध्यपाषाण → पुरापाषाण → हड़प्पा सभ्यता/Neolithic → Mesolithic → Palaeolithic → Harappan Civilisation
(B) पुरापाषाण → मध्यपाषाण → नवपाषाण → हड़प्पा सभ्यता/Palaeolithic → Mesolithic → Neolithic → Harappan Civilisation
(C) पुरापाषाण → नवपाषाण → मध्यपाषाण → हड़प्पा सभ्यता/Palaeolithic → Neolithic → Mesolithic → Harappan Civilisation
(D) हड़प्पा सभ्यता → पुरापाषाण → मध्यपाषाण → नवपाषाण/Harappan Civilisation → Palaeolithic → Mesolithic → Neolithic

**[हाई कोर्ट रिव्यू ऑफिसर (RO) भर्ती परीक्षा, (द्वितीय प्रश्न पत्र) 24-12-2019**

**4.** (B) **पुरापाषाण काल**–यूनानी भाषा में Palaios प्राचीन एवं स्पजीवे पाषाण के अर्थ में प्रयुक्त होता था। इन्हीं शब्दों के आधार पर Paleolithic (पाषाणकाल) शब्द बना। यह काल आखेटक एवं खाद्य–संग्रहण काल के रूप में भी जाना जाता है। अभी तक भारत में पुरा पाषाणकालीन मनुष्य के अवशेष कहीं से भी नहीं मिल पाये हैं, जो कुछ भी अवशेष के रूप में मिला है, वह है उस समय प्रयोग में लाये जाने वाले पत्थर के उपकरण। प्राप्त उपकरणों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ये लगभग 2,50,000 ई.पू. के होंगे। अभी हाल में महाराष्ट्र के 'बोरी' नामक स्थान खुदाई में मिले अवशेषों से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस पृथ्वी पर 'मनुष्य' की उपस्थिति लगभग 14 लाख वर्ष पुरानी है। गोल पत्थरों से बनाये गये प्रस्तर उपकरण मुख्य रूप से सोहन नदी घाटी में मिलते हैं।

भारत में पुरापाषाण युग को औजार–प्रौद्योगिकी के आधार पर तीन अवस्थाओं में बाँटा जा सकता है। यह अवस्थाएँ हैं–पुरापाषाण कालीन संस्कृतियाँ

| **काल** | **अवस्थाएँ** |
|---|---|
| 1. निम्न पुरापाषाण काल | हस्तकुठार (Hand-axe) और विदारणी (Cleaver) उद्योग |
| 2. मध्य पुरापाषाण काल | शल्क (फ्लॅक्स) से बने औजार |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | उच्च पुरापाषाण काल | शल्कों और फलकों (ब्लेड) पर बने औजार |

**मध्य पाषाण काल**–इस काल में प्रयुक्त होने वाले उपकरण आकार में बहुत छोटे होते थे, जिन्हें लघु पाषाणोपकरण माइक्रोलिथ कहते थे। पुरापाषाण काल में प्रयुक्त होने वाले कच्चे पदार्थ क्वार्टजाइट के स्थान पर मध्य पाषाण काल में जेस्पर, एगेट, चर्ट और चालसिडनी जैसे पदार्थ प्रयुक्त किये गये। इस समय के प्रस्तर उपकरण राजस्थान, मालवा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश एवं मैसूर में पाये गये हैं। अभी हाल में ही कुछ अवशेष मिर्जापुर के सिंगरौली, बाँदा एवं विन्ध्य क्षेत्र से भी प्राप्त हुए हैं। मध्य पाषाणकालीन मानव अस्थि–पंजर के कुछ अवशेष प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश के सराय नाहर राय तथा महदहा नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं। मध्य पाषाणकालीन जीवन भी शिकार पर अधिक निर्भर था। इस समय तक लोग पशुओं में गाय, बैल, भेड़, घोड़े एवं भैंसों का शिकार करने लगे थे।

**नव पाषाण अथवा उत्तर पाषाण काल**

साधारणतया इस काल की सीमा 3500 ई.पू. से 1000 ई.पू. के बीच मानी जाती है। यूनानी भाषा का Neo शब्द नवीन के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इसलिए इस काल को 'नवपाषाण काल' भी कहा जाता है। इस काल की सभ्यता भारत के विशाल क्षेत्र में फैली हुई थी। सर्वप्रथम 1860 ई. में 'ली मेसुरियर' (Le Mesurier) ने इस काल का प्रथम प्रस्तर उपकरण उत्तर प्रदेश की टोंस नदी की घाटी से प्राप्त किया। इसके बाद 1872 ई. में कर्नाटक के 'बेलारी' क्षेत्र को दक्षिण भारत के उत्तर–पाषाण कालीन सभ्यता का मुख्य स्थल घोषित किया। इसके अतिरिक्त इस सभ्यता के मुख्य केन्द्र बिन्दु हैं – कश्मीर, सिंध प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम आदि।

**5.** सिक्कों के अध्ययन जिसमें आलेख और चित्रों जैसे दृश्य तत्वों सहित, धातुकर्म विश्लेषण और उनके मिलने की परिस्थिति शामिल है, उसे ... ...........कहा जाता है।

The study of coins, including visual elements such as scripts and images, metallurgical analysis and the contexts in which they have been found is called........

(A) पुरालेख/Epigraphy
(B) मुद्राशास्त्र/Numismatics
(C) पुरातत्व/Archaeology
(D) इतिहास/History

**[हाई कोर्ट रिव्यू ऑफिसर (RO) भर्ती परीक्षा, (द्वितीय प्रश्न पत्र) 24-12-2019**

**5.** (B) मुद्राशास्त्र सिक्कों, कागजी मुद्रा आदि के संग्रह एवं उसके अध्ययन का विज्ञान है। मुद्राशास्त्र इतिहास और संस्कृति को जानने का सर्वाधिक विश्वसनीय और दिलचस्प माध्यम है। मुद्राओं की धातु, शिल्प और प्रतीकों के माध्यम से उनका काल और मूल्य निर्धारण किया जाता है तथा उनके सूक्ष्म अध्ययन से उस समय के समाज की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अवस्था को जाना जा सकता है।

## सिन्धु घाटी सभ्यता

**1.** हड़प्पा सभ्यता का स्थल माण्डी, भारत के किस राज्य में स्थित है ?

In which State of India is the Harappan Civilization site Mandi situated ?

(A) गुजरात/Gujarat
(B) हरियाणा/Haryana
(C) राजस्थान/Rajasthan
(D) उत्तर प्रदेश/Uttar Pradesh

**[UPPCS (प्रथम पाली), 24-10-2021]**

**1.** (D)
- हड़प्पा सभ्यता का स्थल माण्डी मुजफ्फरनगर जिला उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है।
- हड़प्पा सभ्यता के लोथल अहमदाबाद जिला गुजरात राज्य में स्थित है।
- हड़प्पा सभ्यता का स्थल कुणाल फतेहाबाद जिला हरियाणा राज्य में स्थित है।
- हड़प्पा सभ्यता का स्थल कालीबंगा हनुमानगढ़ जिला राजस्थान राज्य में स्थित है।

**2.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए:

| | **सूची–I** | | **सूची–II** |
|---|---|---|---|
| a. | सिंधु घाटी सभ्यता | 1. | चारागाह |
| b. | उत्तर वैदिक समाज | 2. | जमींदारी |
| c. | ऋग्वैदिक समाज | 3. | कृषक |
| d. | मध्य काल | 4. | नगरीय |

**Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| a. | Indus Valley Civilization | 1. | Pastoral |
| b. | Later Vedic Society | 2. | Land Lordism |
| c. | Rigvedic Society | 3. | Agrarian |
| d. | Medieval Period | 4. | Urban |

**कूट/Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**[UPPSC (प्रा.) परीक्षा, 11-10-2020 (प्र.पे.)]**

**2.** (D) सही सुमेलन है– सिंधु घाटी सभ्यता–नगरीय, उत्तर वैदिक समाज–कृषक सभ्यता, ऋग्वैदिक समाज–चरागाह तथा मध्य काल–जमींदारी।

**3.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–

Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| | **सूची-I List-I (हड़प्पीय स्थल) (Harappan Sites)** | | **सूची-II List-II (स्थिति) (Locations)** |
|---|---|---|---|
| a. | मांडा/Manda | 1. | राजस्थान/Rajasthan |
| b. | दायमाबाद/Diamabad | 2. | हरियाणा/Haryana |
| c. | कालीबंगा/Kalibanga | 3. | जम्मू-कश्मीर/Jammu Kashmir |
| d. | राखीगढ़ी Rakhigarhi | 4. | महाराष्ट्र Maharashtra |

**कूट/Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**3.** (C) सही सुमेल निम्न है-

| | | |
|---|---|---|
| मांडा | - | जम्मू कश्मीर |
| दायमाबाद | - | महाराष्ट्र |
| कालीबंगा | - | राजस्थान |
| राखीगढ़ी | - | हरियाणा |

## वैदिक सभ्यता

**1.** निम्नलिखित में से कौन शुक्ल यजुर्वेद की संहिता है ?

Which of the following is a Samhita of Shukla Yajurveda ?

(A) वाजसनेय/Vajasanami

(B) मैत्रायणी/Maitrayani

(C) तैतरीय/Taittiriya

(D) काठक/Kathak

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**1.** (A) यजुर्वेद एक कर्मकाण्डीय वेद है इसमें विभिन्न यज्ञों से सम्बन्धित अनुष्ठान विधियों का उल्लेख है। यह 40 अध्यायों में विभाजित है। इसमें कुल 1990 मंत्र संकलित हैं। वाजसनेय शुक्ल यजुर्वेद की संहिता है। शुक्ल यजुर्वेद एवं कृष्ण यजुर्वेद, यजुर्वेद के मुख्य भाग हैं। शुक्ल यजुर्वेद में केवल दर्शपौर्मासादि अनुष्ठानों के लिए आवश्यक मन्त्रों का संकलन है। इसकी मुख्य शाखाएँ माध्यन्दिन तथा काण्व हैं। इसकी संहिताओं को वाजसनेय इसलिए कहा जाता है, क्योंकि 'वाजसनि' के पुत्र याज्ञवल्क्य वाजसनेय इसके दृष्टा थे।

**2.** ऋग्वेद में कई परिच्छेदों में प्रयुक्त 'अघन्य' शब्द सन्दर्भित है—

The name 'Aghanya' mentioned in passages of the Rigveda refers to:

(A) पुजारी के लिए/Priest

(B) स्त्री के लिए/Women

(C) गाय के लिए/Cows

(D) ब्राह्मण के लिए/Brahmanas

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (प्र.पे.)]**

**2.** (C) ऋग्वेद में 'अघन्य' शब्द सामान्य रूप से गाय के लिए प्रयुक्त हुआ है। इसका अर्थ 'न मारने योग्य' है।

**3.** ऋग्वैदिक काल के प्रारंभ में निम्न में से किसे महत्वपूर्ण मूल्यवान सम्पत्ति समझा जाता था ?

In the early Rigvedic period, what was considered to be the most valuable property ?

(A) भूमि को/Land

(B) गाय को/Cow

(C) स्त्रियों को/Women

(D) जल को/Water

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**3.** (B) वैदिक काल में आर्यों की आर्थिक स्थिति का मूलाधार पशुधन 'गाय' मुद्रा की भाँति समझी जाती थी। अधिकांश लड़ाईयाँ इस समय गायों के लिए ही लड़ी जाती थीं।

**4.** गायत्री मन्त्र के नाम से प्रसिद्ध मन्त्र सर्वप्रथम किस ग्रन्थ में मिलता है ?

The earliest occurrence of the mantra famous as Gayatri Mantra is found in the following text :

(A) भगवद् गीता/Bhagwad Gita

(B) अथर्ववेद/Atharva Veda

(C) ऋग्वेद/Rig Veda

(D) मनुस्मृति/Manusmriti

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (प्र.पे.)]**

**4.** (C) चारों वेदों में सर्वाधिक प्राचीन ऋग्वेद अर्थात् ऐसा ज्ञान जो ऋषिओं में बद्ध हो इस वेद में कुल 10 मण्डल एवं 1028 सूक्त हैं। इसके तीसरे मण्डल में गायत्री मंत्र का उल्लेख मिलता है। वह सूर्य देवता सवितृ को समर्पित है। गायत्री मन्त्र में आठ-आठ अक्षरों के तीन चरण होते हैं। इस मन्त्र के रचयिता ऋषि विश्वामित्र हैं।

**5.** चीनी लेखक भारत का उल्लेख किस नाम से करते हैं ?

The Chinese Writers menstion India by the name of :

(A) फो-क्वो-की/Fo-Kwo-ki

(B) यिन-तु/Yin-tu

(C) सि-यू-की/Si-Yu-Ki

(D) सिकिया-पोनो/Sikia-Pono

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (प्र.पे.)]**

**5.** (B) सि-यू-की ह्वेनसांग का यात्रा विवरण है। चीनी लेखक भारत का उल्लेख 'यिन-तु' नाम से करते हैं। फारसी में हिन्दू यूनानी में 'इण्डोस' आदि नामों से भारत को प्राचीन काल में जाना जाता था।

**6.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

Match List-I with List-II and select the correct answer from :

| सूची-I List-I (वैदिक नदियाँ) (Vedic Rivers) | सूची-II List-II (आधुनिक नाम) (Modern Names) |
|---|---|
| a. कुभा/Kubha | 1. गंडक/Gandak |
| b. परुष्णी/Parushni | 2. काबुल/Kabul |
| c. सदानीरा/Sadanira | 3. रावी/Ravi |
| d. सुतुद्री/Sutudri | 4. सतलज/Satluj |

**कूट/Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**6.** (B) सही मिलान है-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | कुभा | 2. काबुल |
| (b) | परुष्णी | 3. रावी |
| (c) | सदानीरा | 1. गंडक |
| (d) | सुतुद्री | 4. सतलज |

**7.** निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | यात्री | | गृह देश |
|---|---|---|---|
| (A) | इब्नबतूता | – | मोरक्को |
| (B) | मार्को पोलो | – | इटली |
| (C) | अब्दुर रज्जाक | – | तुर्की |
| (D) | नूनिज | – | पुर्तगाल |

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**7.** (C) सही सुमेल इस प्रकार हैं—

| यात्री | देश |
|---|---|
| इब्नबतूता | मोरक्को का निवासी था। |
| मार्को पोलो | इटली से भारत में आया। |
| अब्दुर रज्जाक | ईरान का रहने वाला था। |
| नूनिज | पुर्तगाल का निवासी था। |

**8.** ऋग्वेद है—

(A) स्त्रोतों का संकलन

(B) कथाओं का संकलन

(C) शब्दों का संकलन

(D) युद्ध का ग्रन्थ

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 27-11-2016]**

**8.** (A) ब्राह्मण साहित्य में प्राचीनतम ग्रन्थ ऋग्वेद है, जिसमें प्रमुख स्त्रोतों का संकलन किया गया है। ऋग्वेद में कुल 10 मण्डल और 1028 सूक्त संकलित हैं। ऋग्वेद के मन्त्रों को यज्ञों के अवसर पर देवताओं की स्तुति हेतु 'होतृ' ऋषियों द्वारा यज्ञ में उच्चारित किया जाता था। ऐतरेय तथा कौषीतकी ऋग्वेद के दो प्रमुख ब्राह्मण ग्रन्थ हैं।

**9.** 'गोपथब्राह्मण' सम्बन्धित है—

(A) यजुर्वेद से

(B) सामवेद से

(C) अथर्ववेद से

(D) ऋग्वेद से

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**9.** (C) प्राचीनकाल के साहित्य स्त्रोत में वेदों का स्थान प्रमुख है। अभी तक ज्ञात कुल 4 वेद हैं—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। गोपथ ब्राह्मण अथर्ववेद का ब्राह्मण ग्रंथ है। ऐतरेय एवं कौषीतकि नामक ब्राह्मण ऋग्वेद के शतपथ एवं तैत्तिरीय ब्राह्मण यजुर्वेद के तथा पंचविश या ताण्ड्य ब्राह्मण सामवेद के ब्राह्मण ग्रंथ हैं।

**10.** ऋग्वेद में अघन्या का प्रयोग हुआ है–
(A) बकरी के लिए (B) गाय के लिए
(C) हाथी के लिए (D) घोड़े के लिए
**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]/ UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017]**

**10.** (B) ऋग्वेद में अघन्या शब्द का प्रचलन गाय के लिए किया जाता था। ऋग्वेद को इतिहासकार हिन्दू–यूरोपियन भाषा परिवार की अभी तक उपलब्ध प्रथम रचना मानते हैं। इसमें अग्नि, इन्द्र, मित्र, वरुण आदि देवताओं की स्तुतियों का वर्णन है। इस ग्रन्थ के अनेक तथ्य अवेस्ता में भी मिलते हैं।

**11.** विष्णु के किस अवतार को समुद्र से पृथ्वी का उद्धार करते हुए अंकित किया जाता है?
(A) कच्छप (B) मत्स्य
(C) वाराह (D) नृसिंह
**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**11.** (C) विष्णु के वाराह अवतार को समुद्र से पृथ्वी का उद्धार करते हुए प्रदर्शित किया गया है। गुप्तकाल की कई मूर्तियाँ विष्णु के इस रूप में दिखाई गई हैं।

# छठी शताब्दी के धार्मिक आन्दोलन (बौद्ध तथा जैन धर्म)

**1.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?
Which one of the following pairs is NOT correctly matched ?

| | **(तीर्थंकर/ Tirthankar)** | | **(निर्वाण स्थल/ Nirvan Place)** |
|---|---|---|---|
| (A) | ऋषभनाथ Rishabhanath | – | अष्टापद Ashtapad |
| (B) | वासुपूज्य Vasupujya | – | सम्मेदशिखर Sammedashikhar |
| (C) | नेमिनाथ Neminath | – | ऊर्जयन्त Urjayanta |
| (D) | महावीर Mahavira | – | पावापुरी Pavapuri |

**[UPPCS (प्रथम पाली), 24-10-2021]**

**1.** (B)
- ऋषभनाथ का निर्वाण स्थल अष्टापद है।
- तीर्थंकर नेमिनाथ का निर्वाण का स्थल ऊर्जयन्त है।
- तीर्थंकर महावीर का निर्वाण स्थल पावापुरी है।
- वासुपूज्य 12वें तीर्थंकर हैं इनका निर्वाण स्थल चम्पापुरी है।

**2.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–
Match List-1 with List-II and select the correct answer using the code given below:

| | सूची-I/List-I तीर्थंकर (Tirthankara) | | सूची-II/List-II प्रतिमा लक्षण (Cognizance) |
|---|---|---|---|
| a. | आदिनाथ Adinatha | 1. | वृषभ Bull |
| b. | मल्लिनाथ Mallinatha | 2. | अश्व Horse |
| c. | पार्श्वनाथ Parshvanatha | 3. | सर्प Snake |
| d. | सम्भवनाथ Sambhavnatha | 4. | जल-कलश Water Jar |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (प्र.पे.)]**

**2.** (A) सही सुमेल इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| आदिनाथ | – | वृषभ |
| मल्लिनाथ | – | जल-कलश |
| पार्श्वनाथ | – | सर्प |
| सम्भवनाथ | – | अश्व |

**3.** निम्नलिखित में से किस शैलकृत गुफा में ग्यारह सिरों के बोधिसत्व का अंकन मिलता है ?
In which of the following rock cut caves eleven headed Bodhisattava image is depicted ?
(A) अजन्ता/Ajanta (B) एलोरा/Ellora
(C) कन्हेरी/Kanheri (D) कार्ले/Karle
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (प्र.पे.)]**

**3.** (C) कन्हेरी की शैलकृत गुफा में ग्यारह सिरों के बोधिसत्व का अंकन मिलता है, कन्हेरी की गुफा संख्या 41 में 11 सिरों वाले बोधिसत्व (अवलोकितेश्वर) का अंकन पाया जाता है। इन गुफाओं का निर्माण आठवीं-नवीं शताब्दी में हुआ था। यहाँ एक ही पहाड़ को तराश कर 109 गुफाओं का निर्माण किया गया है। ये सभी बौद्ध गुफाएँ हैं। यहाँ पर बुद्ध की कई अलग–अलग मूर्तियाँ हैं।

**4.** गौतम बुद्ध द्वारा अपने धर्म में दीक्षित किया जाने वाला अन्तिम व्यक्ति निम्नलिखित में से कौन था ?
Who among the following was the last to be initiated in his religion by Gautama Buddha ?
(A) आनन्द/Aanada
(B) सारिपुत्त/Sariputta
(C) मोग्गलान/Moggalana
(D) सुभद्द/Subhadda
**UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (प्र.पे.)/ [UP (RO) ARO (Pre) 27-11-2016]**

**4.** (D) बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् सिद्धार्थ बुद्ध के नाम से जाने गए तथा वह स्थान बोधगया कहलाया। बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश सारनाथ में दिया जिसे बौद्ध ग्रंथों में धम्म चक्र प्रर्वतन कहा गया। बुद्ध द्वारा अपने धर्म में दीक्षित किए जाने वाला अन्तिम व्यक्ति सुभद्द था। आनन्द और सुभद्द बुद्ध के प्रिय शिष्यों में से थे। सुभद्द ने बुद्धत्व को प्राप्त किया था। सुभद्द ने बुद्ध की मृत्यु के समय उनसे तीन प्रश्न पूछे थे जिनका बुद्ध ने नकारात्मक उत्तर दिया था।

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्ध पवित्र स्थल निरंजना नदी पर स्थित था ?
Which of the following sacred Buddhist place was situated on the river Niranjana?
(A) बोधगया/Bodh Gaya
(B) कुशीनगर/Kusinagara
(C) लुम्बिनी/Lumbini
(D) ऋषिपत्तन/Rishipattana
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**5.** (A) गृह त्याग करने के बाद सिद्धार्थ (बुद्ध) ने वैशाली के आलारकलाम से सांख्य दर्शन की शिक्षा ग्रहण की। आलारकलाम सिद्धार्थ के प्रमुख गुरु हुए। आलारकलाम के बाद सिद्धार्थ ने राजगीर के रुद्रकरामपुत्त से शिक्षा ग्रहण की। उरुवेला में सिद्धार्थ को कौण्डिन्य, वप्पा, भादिया, महानामा एवं अस्सागी नामक पाँच साधक मिले। बिना अन्न-जल ग्रहण किए हुए 6 वर्ष की कठिन तपस्या के उपरांत 35 वर्ष की आयु में वैशाख की पूर्णिमा की रात को बोधगया में निरंजना नदी के किनारे, पीपल के वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को ज्ञान प्राप्त हुआ। ज्ञान-प्राप्ति के बाद सिद्धार्थ बुद्ध के नाम से जाने गए। वह स्थान बोधगया कहलाया।

**6.** वह प्रसिद्ध जैन आचार्य कौन थे जिनको अकबर ने बहुत सम्मानित किया था ?
Who was the renowned jain Acharya, who was greatly honoured by Akbar?
(A) चन्द्रप्रभ सूरि/Chandraprabha Suri
(B) हरिविजय सूरि/Hiravijaya Suri
(C) पुष्पदन्त/Pushpadanta
(D) यशोभद्र/Yasobhadra
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**6.** (B) अकबर हिन्दू धर्म से सर्वाधिक प्रभावित थे। अकबर ने वल्लभाचार्य के पुत्र विट्ठलनाथ को 'गोकुल' एवं 'जैतपुरा' की जागीर दी थी। अकबर ने जैन धर्म के आचार्य 'हरिविजय सूरी' को 'जगतगुरू' तथा जिनचन्द्रसूरि को 'युग प्रधान' की उपाधि प्रदान की थी। अकबर ने पारसी धर्म के पुरोहित दस्तूर मेहर जी राणा को जीवन निर्वाह हेतु 200 बीघा जमीन दी तथा उसी के प्रभाव के कारण अपने दरबार में 24 घण्टे अग्नि प्रज्वलित करने का आदेश दिया।

**7.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक गैर–भारतीय धर्म है ?
Which of the following is a non-Indian religion ?
(A) बौद्ध धर्म/Buddhism
(B) जैन धर्म/Jainism
(C) यहूदी धर्म/Judaism
(D) हिन्दू धर्म/Hinduism

**[इलाहाबाद हाई कोर्ट रिव्यू ऑफिसर (RO) भर्ती परीक्षा, (द्वितीय प्रश्न पत्र) 24-12-2019**

**7.** (C) यहूदी एक गैर भारतीय धर्म है। यहूदी धर्म यहूदियों का एकेश्वरवादी धर्म है, जो यह मानता है कि ईश्वर की उपस्थिति का अनुभव मानव गतिविधियों और इतिहास द्वारा होता है। यह उपस्थिति कुछ मान्यताओं और मूल्यों की अभिव्यक्ति है, जो कर्म, सामाजिक व्यवस्था और संस्कृति में दृष्टिगोचर होती है। यहूदियों के बीच अनेक धर्मग्रंथ प्रचलित हैं, जिसमें कुछ प्रमुख हैं–

1. तोरा, जो बाइबिल के प्रथम पाँच ग्रंथों का सामूहिक नाम है और यहूदी लोग मानते हैं कि इसे सीधे ईश्वर द्वारा मूसा को प्रदान की गई थी,
2. तालमुड, जो यहूदियों के मौखिक आचार व दैनिक व्यवहार संबंधी नियमों, टीकाओं तथा व्याख्याओं का संकलन है,
3. इलाका, जो तालमुड का विधि संग्रह है,
4. अगाडा, जिसमें धर्मकार्य, धर्मकथाएँ, किस्से आदि संग्रहीत हैं,
5. तनाका, जो बाइबिल का हिब्रू नाम है, आदि।

**8.** बौद्ध धर्म में 'त्रिरत्न' का क्या अभिप्राय है ?
(A) त्रिपिटक
(B) बुद्ध, धम्म, संघ
(C) शील, समाधि, संघ
(D) सत्य, अहिंसा, करुणा

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**8.** (B) बौद्ध धर्म के तीन प्रमुख अंग थे–बुद्ध, संघ और धम्म। बौद्ध अनुयायियों ने इनको त्रिरत्न की संज्ञा दी। इसके अतिरिक्त बौद्ध धर्म में त्रिपिटक का भी महत्त्व है। इसमें सुत्त पिटक, विनय पिटक, तथा अभिधम्म पिटक आते हैं। बौद्ध धर्म के साथ–साथ जैन धर्म में भी त्रिरत्न का उल्लेख है–सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र।

**9.** हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह स्थित है–
(A) पीतलखोरा में (B) जुन्नार में
(C) कार्ले में (D) बेडसा में

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**9.** (C) बौद्ध धर्म की चौथी संगीति में यह धर्म मुख्यतः दो शाखाओं में विभाजित हो गया–हीनायान तथा महायान। हीनायान का विशालतम शैलकृत चैत्यगृह, महाराष्ट्र के लोनावाला जिले में कार्ले नामक स्थान पर स्थित है। हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह कार्ले (लोनावाला, महाराष्ट्र) में स्थित है। भाजा, कोण्डाने, पीतल खोरा, अजंता, बेडसा आदि चैत्य गृहों का सम्बन्ध भी हीनयान धर्म से ही है।

**10.** 'सप्तपर्णी गुफा' स्थित है–
(A) साँची में (B) नालन्दा में
(C) राजगृह में (D) पावापुरी में

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**10.** (C) पहली बौद्ध संगीति अजातशत्रु के शासनकाल में बिहार के राजगृह जिले में सप्तपर्णी नामक गुफा में 483 ई. पू में सम्पन्न हुई थी। इसकी अध्यक्षता महाकस्सप ने की थी। इस संगीति में बुद्ध के उपदेशों को दो पिटकों विनयपिटक और सुत्तपिटक में बाँटा गया था।

**11.** बुद्ध, कौशाम्बी किसके राज्य–काल में आए थे?
(A) शतानीक (B) उदयन
(C) बोधि (D) निकक्षु

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**11.** (B) गौतम बुद्ध ने कौशाम्बी उदयन के राज्य काल में प्रवेश किया था। कौशाम्बी वत्स महाजनपद की राजधानी के नाम से जानी जाती थी। बुद्ध ने अपने जीवन का सर्वाधिक उपदेश कोशल देश की राजधानी श्रावस्ती में दिया उन्होंने मगध को अपना केन्द्र भी बनाया।

**12.** किस धर्म को राष्ट्रकूटों का संरक्षण प्राप्त था?
(A) बौद्ध धर्म (B) जैन धर्म
(C) शैव धर्म (D) शाक्त धर्म

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**12.** (B) राष्ट्रकूटों ने अपने शासन काल में जैन धर्म को संरक्षण दिया। इन्होंने हिन्दू धर्म के अतिरिक्त जैन धर्म को अपना राज्य धर्म के रूप में स्वीकार किया। अमोघवर्ष प्रथम के राजदरबार में प्रसिद्ध जैन विद्वान तथा 'आदिपुराण' के लेखक 'जिनसेन' इनके राजदरबार में निवास करते थे।

**13.** भूमि स्पर्श मुद्रा की सारनाथ बुद्ध प्रतिमा सम्बन्धित है–
(A) कुषाण काल से
(B) गुप्त काल से
(C) वर्धन काल से
(D) राजपूत काल से

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**13.** (B) गुप्त काल की चित्रकला का जन्म विशेषतः मथुरा शैली द्वारा स्थापित प्रतिमानों पर हुआ था। गुप्त मूर्तिकला के सर्वोत्तम उदाहरण सारनाथ की मूर्तियाँ और चित्रकला का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण अजन्ता बौद्ध कला आदि हैं। भूमि स्पर्श मुद्रा की कुछ प्रतिमा गुप्त काल में मिलती हैं।

## अन्य धार्मिक आन्दोलन (भागवत, शैव, वैष्णव धर्म आदि)

**1.** सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, मन्वन्तर और वंशानुचरित संकेतक हैं–
Sarga, Pratisarga, Vansa, Manvantara and Vanshanucharita are the indicators of :
(A) वेदों के/Vedas
(B) पुराणों के/Puranas
(C) उपनिषदों के/Upnishads
(D) सूत्रों के/Sutras

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**1.** (B) सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश मन्वन्तर और वंशानुचरित पुराणों के संकेतक हैं। ब्रह्माण्ड पुराण में लिखा है कि वेदव्यास ने एक पुराण संहिता का संकलन किया था, इसके आगे की बात विष्णु पुराण से पता चलती है, कि वेदव्यास का एक 'लोमहर्ष' शिष्य था जो सूत जाति का था। व्यास जी ने अपनी पुराण संहिता उसी

के हाथ में दी। लोमहर्ष के छः शिष्य थे– सुमित, अग्निवर्चा, मित्रयु, शांशपायन, अक्रतपर्ण और सावर्णी। इनमें से अक्रतवर्ण, शांशपायन और सावर्णी ने पुराण संहिता के आधार पर एक–एक संहिता लिखी, उसी प्रकार पुराण के नाम से चले आ रहे वृत्तों का संग्रह कर पुराण संहिता का संकलन किया। इन्हीं संहिताओं के आधार पर 18 पुराण बने। पुराणों के रचयिता वेदव्यास और संकलनकर्ता लोमहर्ष और उनके पुत्र उग्रश्रवा को माना जाता है।

**2.** निम्नलिखित में से कौन महाभारत के तेलुगू अनुवादों के लिए विख्यात है ?
Who among the following are known for their Telugu translations of the Mahabharata?
नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए–
Select the correct answer for the codes given below :
1. कम्बन/Kamban
2. कुट्टन/Kuttan
3. नन्नय/Nannay
4. टिक्कन/Tikkan

**कूट/Codes :**
(A) केवल 1, 2/1, 2 only
(B) केवल 2, 3/2, 3 only
(C) केवल 3, 4/3, 4 only
(D) केवल 4, 1/4, 1 only

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**2.** (C) महाभारत का तेलुगु अनुवाद कार्य नन्नय ने प्रारम्भ किया था जिसे 13वीं शताब्दी में टिक्कन तथा 14वीं शताब्दी में येररन द्वारा पूरा किया गया था।

**3.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

| सूची–I (आचार्य) | सूची–II (सिद्धान्त) |
|---|---|
| (a) लकुलीश | 1. आजीवक |
| (b) नागार्जुन | 2. शून्यवाद |
| (c) भद्रबाहु | 3. पाशुपत |
| (d) गोसाल | 4. जैन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**3.** (B) सही सुमेल इस प्रकार है–
- लकुलीश शैव या पाशुपत सम्प्रदाय के प्रवर्तक माने जाते हैं। इस सम्प्रदाय का विशेष वृत्तान्त शिलालेखों, विष्णुपुराण, लिंगपुराण आदि में मिलता है।
- नागार्जुन शून्यवाद के प्रतिष्ठापक तथा माध्यमिक मत के पुरस्कारक प्रख्यात बौद्ध आचार्य थे।
- भद्रबाहु सुप्रसिद्ध जैन आचार्य थे जो दिगम्बर सम्प्रदाय के प्रवर्तक माने जाते थे।
- आजीवक दुनिया की प्राचीन दर्शन परम्परा में भारत में विकसित हुआ पहला भौतिकवादी सम्प्रदाय था, जिसकी स्थापना गोसाल द्वारा की गई।

**4.** 'नयनार' कौन थे?
(A) वैष्णव धर्मानुयायी (B) शैव धर्मानुयायी
(C) शाक्त (D) सूर्योपासक

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**4.** (B) हिन्दू धर्म में नयनार भगवान शिव के भक्त कहे जाते थे। इनका उद्भव मध्यकाल में मुख्यतः दक्षिण भारत में तमिलनाडु में हुआ। इसी समय में भगवान विष्णु की उपासना करने वाले अलवार सम्प्रदाय के ने नाम से प्रसिद्ध हुए।

**5.** महाभारत मूलतः किस रूप में जाना जाता था?
(A) वृहत्कथा (B) ब्राह्मण
(C) वृहत्संहिता (D) जयसंहिता

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**5.** (D) महाभारत की रचना वेदव्यास द्वारा की गई थी। पहले इसमें केवल 8800 श्लोक थे, तब इसका नाम जय संहिता था। बाद में यह बढ़कर 24000 श्लोक हो गया और भारत नाम से प्रसिद्ध हुआ। अन्त में एक लाख श्लोक होने के कारण इसे शत साहस्त्री संहिता या महाभारत कहा जाने लगा। यह अट्ठारह पर्वों में विभाजित है।

**6.** भागवत सम्प्रदाय में भक्ति के रूपों की संख्या है–
(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 10

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**6.** (C) नारदीय भक्ति सूत्र में 9 प्रकार की भक्ति का उल्लेख किया गया है। जिसे नवधाभक्ति के नाम की संज्ञा दी गई है। इसका श्लोक इस प्रकार है–श्रवणम् कीर्तिनम् विष्णो स्मरणम् पाद सेवनम्। अर्चनम् वन्दनम् दास्यम् साख्यात्म निवेदनम्।। इस प्रकार विश्व उपासक इन 9 आसक्तियों के माध्यम से भागवत् की भक्ति करते हैं।

## छठी शताब्दी पूर्व राजनैतिक दशा (महाजनपद काल)

**1.** छठी शताब्दी ई.पू. का मत्स्य महाजनपद स्थित था–
Matsya Mahajanpada of 6th century B.C. was located in :
(A) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में/Western Uttar Pradesh
(B) राजस्थान में/Rajasthan
(C) बुन्देलखण्ड में/Budelkhand
(D) रुहेलखण्ड में/Rohilkhand

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (प्र.पे.)]**

**1.** (B) छठी शताब्दी ई.पू. का मत्स्य महाजनपद आधुनिक राजस्थान राज्य में स्थित था। राजस्थान में यह जनपद जयपुर के आस- पास स्थित था। मत्स्य महाजनपद की राजधानी विराट नगर थी। पाली साहित्यों में मत्स्य महाजनपद को सूर्यसेन से सम्बन्धित कहा गया है। ईसा पूर्व छठी शताब्दी में 16 बड़े राज्य थे जिसे महाजनपद कहा जाता है। बौद्ध ग्रन्थ अंगुत्तर निकाय में 16 महाजनपदों की सूची मिलती है। ये जनपद इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1. करू | 2. पांचाल | 3. शूरसेन |
| 4. वत्स | 5. कोशल | 6. मल्ल |
| 7. काशी | 8. अंग | 9. मगध |
| 10. वृज्जि | 11. चेदि | 12. मत्स्य |
| 13. अश्यक | 14. अवंति | 15. गंधार |
| 16. कंबोज। | | |

**2.** निम्नलिखित में से किसने 'हिरण्यगर्भ' धार्मिक कार्य कराया था ?
Who out of the following performed a ritual called "Hiranya Garbha' ?
(A) मयूर शर्मन/Mayur Sharman
(B) हरीचंद्र/Harichandra
(C) दंतिदुर्ग/Danti Durga
(D) हर्ष/Harsha

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**2.** (C) राष्ट्रकूट साम्राज्य का संस्थापक दन्तिवर्मन या दन्तिदुर्ग था जिसके 8वीं शताब्दी के मध्य (752 ई.) चालुक्य शासक कीर्तिवर्मन को पराजित करके स्वतंत्र राज्य की स्थापना की और अपनी राजधानी मान्यखेत अथवा मालखेत को बनाया। दन्तिदुर्ग ने उज्जयिनी में 'हरिण्य गर्भ' (महादान) नामक यज्ञ किया था।

**3.** निम्नलिखित शासकों में से किसके लिए 'एका ब्राह्मण' प्रयुक्त हुआ है?
(A) पुष्यमित्र शुंग
(B) खारवेल
(C) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(D) सुशर्मन्

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 27-11-2016]**

**3.** (C) सातवाहन शासक गौतमीपुत्र शातकर्णी को गौतमी बलश्री के नासिक अभिलेख में एका ब्राह्मण या अद्वितीय ब्राह्मण कहा गया है। गौतमीपुत्र शातकर्णी सातवाहन वंश का 23वाँ तथा सबसे प्रतापी शासक था, जिसके सैनिक विजयों की जानकारी इनकी माता गौतमी बलश्री की नासिक प्रशस्ति से हासिल होती है। इसे ब्राह्मणों का एकमात्र रक्षक भी कहा गया है।

## यूनानी आक्रमण

**1.** निम्नलिखित में से कौन सिकन्दर के साथ भारत में नहीं आया था ?
Who one of the following had not come to Indian with Alexander :
(A) नियार्कस/Nearchus
(B) आनेसिक्रिट्स/Onesicritus
(C) डाइमेकस/Deimachus
(D) अरिस्टोब्यूलस/Aristobulus

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**1.** (C) नियार्कस, आनेसिक्रिट्स तथा अरिस्टोब्यूलस सिकन्दर के समकालीन थे, जबकि डाइमेकस सीरियन नरेश अत्तियोकस का राणदूत था, जो बिन्दुसार के दरबार से सम्बन्धित था। कार्टेयस, डिओडोरस, एरिअन जस्टिन, प्लूटार्क, नियार्कस, आनेसिक्रिट्स तथा अरिस्टोबुलस आदि यूनानी इतिहासकार सिकंदर के साथ भारत आक्रमण के समय भारत आये थे। जबकि डाइमेकस सीरियाई राजदूत था जो बिन्दुसार के शासन काल (297-273 ई.पू.) में आया था।

**2.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

| | **सूची-I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (A) | कुषाण | – | स्वर्ण एवं ताम्र |
| (B) | गुप्त | – | स्वर्ण एवं रजत |
| (C) | सातवाहन | – | स्वर्ण |
| (D) | कलचुरि | – | स्वर्ण, रजत एवं ताम्र |

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 27-11-2016]**

**2.** (C) सातवाहनों द्वारा स्वर्ण सिक्कों का प्रचलन नहीं करवाया था बल्कि उसके स्थान पर चाँदी, ताँबा, सीसा व पोटीन (कांसा) के सिक्कों का प्रयोग किया था। सीसे का सिक्का चलाने वाला प्रथम वंश सातवाहन वंश ही था। इस सिक्के को रोम से आयात किया जाता था। कुषाणों ने सर्वाधिक शुद्ध स्वर्ण के सिक्के का प्रचलन प्रारम्भ करवाया। भारत में सर्वप्रथम हिन्द–यवन शासकों ने स्वर्ण सिक्के चलवाये थे।

## मौर्य काल

**1.** मौर्य काल में 'एग्रोनोमई' अधिकारी निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से सम्बन्धित थे?
The official 'Agronomai' during Mauryan age was related with which of the following field ?
(A) माप और तौल/Weight and measurement
(B) प्रशासन प्रबन्धन/Administrative management
(C) मार्ग निर्माण/Construction of roads
(D) राजस्व प्रबन्धन/Revenue management

**[UPPSC (प्रा.) परीक्षा, 11-10-2020 (प्र.पे.)]**

**1.** (C) मौर्य काल में 'एग्रोनोमई' अधिकारी मार्ग निर्माण के क्षेत्र से सम्बन्धित थे। ज्ञात हो कि मौर्य काल में प्रशासन के मुख्य अधिकारियों का चुनाव राजा अमात्यों की सहायता से ही करता था। प्रशासनिक सुविधा के लिए केन्द्रीय प्रशासनिक तंत्र को अनेक भागों में विभक्त किया गया था, जिसे तीर्थ कहा जाता था। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में 18 तीर्थों (विभागों) और उसके प्रमुख की चर्चा की है जो कि निम्न हैं– (1) मन्त्री और पुरोहित (धर्माधिकारी) (2) समाहर्ता (राजस्व विभाग का प्रधान अधिकारी) (3) सन्निधाता (राजकीय कोषाध्यक्ष) (4) सेनापति (युद्ध विभाग) (5) युवराज (राजा का उत्तराधिकारी) (6) प्रदेष्टा (फौजदारी न्यायालय का न्यायाधीश) (7) नायक (सेना का संचालक) (8) कर्मान्तिक (उद्योग धन्धों का प्रधान निरीक्षक) (9) व्यवहारिक (दीवानी न्यायालय का न्यायाधीश) (10) मन्त्रिपरिषदाध्यक्ष (मन्त्रिपरिषद् का अध्यक्ष) (11) दण्डपाल (सैन्य अधिकारी) (12) अन्तपाल (सीमावर्ती दुर्गों का रक्षक) (13) दुर्गपाल (दुर्गों का प्रबन्धक) (14) नागरक (नगर का मुख्य अधिकारी) (15) प्रशस्ता (राजकीय आज्ञाओं को लिखने वाला प्रमुख अधिकारी) (16) दौवारिक (राजमहलों की देख–रेख करने वाला) (17) अन्वंशिक (सम्राट की अंगरक्षक सेना का मुख्य अधिकारी) (18) आटविक (वन विभाग प्रमुख)।

**2.** 'परम भागवत' उपाधि धारण करने वाला प्रथम गुप्त शासक था–
The first Gupta ruler to assume the title of 'Parama Bhagawat' was :
(A) चन्द्रगुप्त प्रथम/Chandragupta I
(B) समुद्रगुप्त/Samudragupta
(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय/Chandragupta II
(D) रामगुप्त/Ramgupta

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**2.** (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (380-412 ई.) के अन्य नाम देवगुप्त, देवराज तथ देवश्री और उपाधियाँ विक्रमांक, विक्रमादित्य और परमभागवत आदि थीं। मेहरौली लेख के अनुसार उसने विष्णुपद पर्वत पर विष्णु ध्वज की स्थापना कराई थी।

**3.** निम्नलिखित अभिलेखों में से किसमें अशोक का नामोल्लेख हुआ है ?
Which one of the following inscriptions contains the name of Ashoka?
(A) गुर्जरा में/Gujarra
(B) अहरौरा में/Ahraura
(C) ब्रह्मगिरि में/Brahmagiri
(D) सारनाथ में/Sarnath

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**3.** (A) दक्षिण भारत से प्राप्त मास्की एवं गुजर्रा अभिलेखों में 'अशोक' तथा पुराणों में 'अशोक वर्धन' नामोल्लेख हुआ है। अभिलेखों में अशोक ईरानी शैली (दारा प्रथम) में 'देवानामप्रिय' तथा 'देवानाम पियदस्सी' नामक उपाधियों से विभूषित है।

**4.** निम्नलिखित में से राज्य के सप्तांग सिद्धांत के अनुसार राज्य का सातवां अंग कौन-सा था ?
Which one of the following is the seventh part of the state according to Saptang Theroy of State ?
(A) जनपद/Janapad
(B) दुर्ग/Durga
(C) मित्र/Mitra
(D) कोश/Kosha

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**4.** (C) मौर्यकाल के सप्तांग सिद्धान्त में राजा, आमात्य, जनपद दुर्ग कोश, सेना और मित्र शामिल थे।

**5.** दक्षिण भारत के 'पोलिगार' कौन थे ?
Who were Polygars of South Indian?
(A) साधारण जमींदार/Ordinary Zamidars
(B) महाजन/Mahajans

(C) क्षेत्रीय प्रशासकीय और सैन्य नियंत्रक/Territorial Administrative and Milltary Governors

(D) नवधनाढ्य व्यापारी/Newly enriched traders

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**5.** (C) पोलिगार अथवा पलइयाकार 16वीं, 18वीं शताब्दी के मध्य विजयनगर साम्राज्य में प्रांतीय प्रशासक व सेनानायक होते थे। दक्षिण भारत के पोलिगार जमींदार थे, जो क्षेत्रीय प्रशासकीय और सैन्य नियन्त्रक थे, जिन्हें नायक द्वारा नियुक्त किया जाता था।

**6.** बिना बेगार के किसने सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार कराया ?

Who renovated Sudarshan lake without using forced labour?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य/Chandragupta Maurya

(B) बिन्दुसार/Bindusar

(C) अशोक/Ashoka

(D) रुद्रदामन प्रथम/Rudradaman-I

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (प्र.पे.)]**

**6.** (D) सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार रुद्रदामन प्रथम ने करवाया था।

**7.** मौर्यकाल में 'सीता' से तात्पर्य है—

'Sita' in Maurya age means

(A) एक देवी/a Goddess

(B) एक धार्मिक सम्प्रदाय/a religious sect

(C) राजकीय भूमि से प्राप्त आय/revenue from crown land

(D) ऊसर भूमि/barren land

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (प्र.पे.)]**

**7.** (C) मौर्य काल में राजकीय भूमि से होने वाली आय को 'सीता' कहा जाता था। राजकीय भूमि की व्यवस्था करने वाला प्रधान अधिकारी 'सीताध्यक्ष' कहलाता था। भूमि पर राजा का स्वामित्व होता था। इसका उल्लेख मेगस्थनीज स्ट्रोबो एवं एरियन ने भी किया है। बगैर वर्षा की अच्छी खेती होने वाली भूमि को अदेव भातृक कहा जाता था तथा आय के सग्रहकर्ता को समाहर्ता कहा जाता था।

**8.** अशोक का समकालीन तुरमय कहाँ का राजा था ?

Turamaya, a contemporary of Asoka, was the ruler of :

(A) मिस्र/Egypt

(B) कोरिथ/Corith

(C) मेसीडोनिया/Macedonia

(D) सीरिया/Syria

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**8.** (A) अशोक के समकालीन विश्व के कुछ प्रमुख शासक निम्न थे-सिरीन का अलिकसुन्दर, मिस्र का तुरमय, सीरिया का अन्तियोक, मेसिडोनिया का अत्तिकिनि, एपिरस-मग इत्यादि।

**9.** 'शक–विजेता' किसे कहा जाता है?

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम

(B) समुद्रगुप्त

(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(D) कुमारगुप्त

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**9.** (C) शक विजेता चन्द्रगुप्त द्वितीय को कहा जाता है। पश्चिमी तट पर निवास करने वाली शक जाति के विजय के बाद चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की तथा भारतीय अनुश्रुतियों में उसे 'शकारि' के रूप में याद किया जाता है। बाण ने भी चन्द्रगुप्त द्वितीय के शक विजय का उल्लेख किया अनुमान लगाया जाता है कि शकों के विरुद्ध उसका अभियान 388-401 ई. के बीच चला होगा।

**10.** 'बेसनगर अभिलेख' का हेलियोडोरस कहाँ का निवासी था?

(A) पुष्कलावती (B) तक्षशिला

(C) साकल (D) मथुरा

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**10.** (B) 'बेसनगर अभिलेख' का हेलियोडोरस तक्षशिला का निवासी शुंग वंश के नवें शासक भागभंद्र (भागवत) के शासन काल के 14वें वर्ष तक्षशिला के यवन शासक 'एण्टियालकीट्स' का राजदूत हेलियोडोरस ने विदिशा में वासुदेव के सम्मान में गरुण स्तम्भ स्थापित किया। इसी काल में संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान हुआ। इसके उत्थान में महर्षि पंतजलि का विशेष योगदान रहा। हेलियोडोरस का गरुण स्तम्भ हिन्दू धर्म से सम्बन्धित विशेष प्रस्तर स्मारक है। इस काल में भागवत धर्म का प्रारम्भ हुआ तथा वासुदेव विष्णु की उपासना प्रारम्भ हुई।

**11.** मगध का कौन–सा सम्राट 'अपरोपरशुराम' के नाम से जाना जाता है?

(A) बिन्दुसार (B) अजातशत्रु

(C) कालाशोक (D) महापद्मनन्द

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**11.** (D) महापद्मनन्द अपरोपरशुराम के नाम से जाना जाता है। पुराण में वर्णित नंद वंश का संस्थापक महापद्मनन्द एक शूद्र शासक था। इसे सर्वक्षत्रान्तक (क्षत्रियों का नाश करने वाला) तथा भार्गव (दूसरे परशुराम का अवतार) के उपनाम से भी जाना जाता है। उसे 'महापद्म एकरात सर्वक्षत्रान्तक' आदि उपाधियों से विभूषित किया गया था।

**12.** निम्नलिखित में से किसे लोकप्रिय रूप में प्राचीन भारत के नेपोलियन के रूप में जाना जाता था ?

Who among the following was popularly known as Napoleon of ancient India ?

(A) समुद्रगुप्त/Samudragupta

(B) चन्द्रगुप्त II/Chandragupta II

(C) कनिष्क/Kanishka

(D) अशोक/Ashoka

**[इलाहाबाद हाई कोर्ट रिव्यू ऑफिसर (RO) भर्ती परीक्षा, (द्वितीय प्रश्न पत्र) 24-12-2019**

**12.** (A) समुद्रगुप्त गुप्त राजवंश का चौथा राजा और चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था। वह भारतीय इतिहास में सबसे बड़े और सफल सेनानायक में से एक माना जाता है। समुद्रगुप्त, गुप्त राजवंश का तीसरा शासक था और उसका शासनकाल भारत के लिये स्वर्णयुग की शुरुआत कहा जाता है। समुद्रगुप्त एक उदार शासक, वीर योद्धा और कला का संरक्षक था। उसका नाम जावा पाठ में 'तनत्रीकमन्दका' के नाम से प्रकट है। समुद्रगुप्त के कई अग्रज भाई थे, फिर भी उसके पिता ने समुद्रगुप्त की प्रतिभा को देखकर उसे अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। समुद्रगुप्त ने अपने जीवन काल में कभी भी पराजय का स्वाद नहीं चखा। उसके बारे में वी. ए. स्मिथ ने आकलन किया है कि समुद्रगुप्त प्राचीन काल में भारत का नेपोलियन था।

**13.** चन्द्रगुप्त के मंत्री कौटिल्य उनके महान ग्रन्थ ... ........... के कारण बहुत प्रसिद्ध हुए थे।

Chandragupta's advisor, Kautilya became very famous for this great text ...... .

(A) कामसूत्र/Kamasutra

(B) अभिज्ञान शाकुंतलम/Abhigyan Shakuntalam

(C) अर्थशास्त्र/Arthashastra

(D) मनुस्मृति/Manusmriti

**[इलाहाबाद हाई कोर्ट रिव्यू ऑफिसर (RO) भर्ती परीक्षा, (द्वितीय प्रश्न पत्र) 24-12-2019**

**13.** (C) अर्थशास्त्र हिन्दू धर्म ग्रन्थों में उल्लिखित हिन्दू धर्म का एक प्रसिद्ध तथा महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसके रचनाकार कौटिल्य हैं। सम्भवतः आचार्य चाणक्य (कौटिल्य या विष्णुगुप्त) द्वारा रचित इस

कृति को भारत का पहला राजनीति का ग्रंथ माना जाता है। लगभग 6000 श्लोकों वाले इस ग्रंथ से मौर्य काल के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिलती है। पन्द्रह खण्डों में विभाजित इस ग्रंथ का द्वितीय एवं तृतीय खण्ड सर्वाधिक प्राचीन है। इस ग्रंथ में निम्न जाति वर्ग में सम्मिलित शूद्रों के लिए 'आर्य' शब्द का प्रयोग किया गया है।

## गुप्त काल

1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए—
Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| सूची-I/List-I (दक्षिण भारत के समुद्रगुप्त के समकालीन नरेश)/ (Samudra Gupta's contemporary Kings) | सूची-II/List-II (उनके राज्य)/ (Their Kingdoms) |
|---|---|
| a. धनंजय/Dhananjaya | 1. अवमुक्त/Avamukta |
| b. नीलराज/Nilaraja | 2. कांची/Kanchi |
| c. उग्रसेन/Ugrasena | 3. कुस्तलपुर/Kusthalpura |
| d. विष्णुगोपा/Vishnugopa | 4. पालक्का/Palaka |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**1.** (C) समुद्रगुप्त गुप्त (335-380 ई.) साम्राज्य का महान शासक था, जो चन्द्रगुप्त प्रथम का उत्तराधिकारी था, वे धनानन्द के समकालीन थे। उनके एक-एक क्षेत्रों को जीतने तथा महान साम्राज्य विस्तार के कारण उन्हें, भारत का नेपोलियन कहा जाता था। प्रथम चरण में समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त के 9 राज्यों को जीतकर अपने राज्य में मिलाया, जिसमें गणपतिनाग, (मथुरा का शासक), अच्युतदेव (अहिच्छत्र का शासक), नागदत्त (निदिशा) आदि थे। द्वितीय चरण में 9 गणराज्यों को जीता जिसमें योधेय, मालव, आर्जुनायन आदि प्रमुख थे। तृतीय चरण में डाहल क्षेत्र के आटविक को परास्त किया। चतुर्थ चरण में दक्कन के 12 राज्यों को जीता जिसमें कांची का विष्णुगोपा, कोसल का राजा, महेन्द्र, कुस्तलपुर का धनंजय, अवमुक्त का नीलराज, पालक्का का उग्रसेन, कौशल के राजा मण्टराज, कोट्टूर का राजा स्वामीदत्त, देवराष्ट्र के राजा कुबेर, महाकान्तार का राजा व्याघ्रराज, पिष्टपुर का राजा महेन्द्रगिरि, एरण्डपल का राजा दमन को समुद्रगुप्त ने परास्त किया था। समुद्रगुप्त ने दक्षिण विजय अभियान के दौरान तीन नीतियों का पालन किया था।
1. ग्रहण (शत्रु पर अधिकार)।
2. मोक्ष (शत्रु को मुक्त करना)।
3. अनुग्रह (राज्यों को पुनः लौटाकर शत्रु पर दया करना)।

2. 'पृथिव्या प्रथम वीर' उपाधि थी—
Prithivyah Pratham Veer'was the title of :
(A) समुद्रगुप्त की/Samudragupta
(B) राजेन्द्र प्रथम की/Rajendra-1
(C) अमोघवर्ष की/Amoghavarsha
(D) गौतमीपुत्र शातकर्णी की/Gautamiputra Shatkarni

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (प्र.पे.)]**

**2.** (A) हरिषेण रचित 'प्रयाग प्रशस्ति में गुप्त' सम्राट समुद्रगुप्त के लिए 'पृथिष्या प्रथम वीर' की उपाधि प्रयुक्त हुई है। यह प्रशस्ति वर्तमान समय में इलाहाबाद में स्थित है। बिन्सेन्ट स्मिथ ने समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा है।

3. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर चुनिए—
Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| सूची-I/List-I (सम्राट) | सूची-II/List-II (विरुद्ध) |
|---|---|
| a. अशोक Ashoka | 1. परक्रमांक Parakramank |
| b. समुद्रगुप्त Samudragupta | 2. देवनांप्रिय Devnampriya |
| c. चंद्रगुप्त-II Chandragupta-II | 3. क्रमादित्य Kramaditya |
| d. स्कन्दगुप्त Skandgupta | 4. विक्रमादित्य Vikramaditya |

कूट/Codes :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (पु.प.) (प्र.पे.)]**

**3.** (C) सही सुमेलन इस प्रकार है—

| सम्राट | विरुद |
|---|---|
| अशोक | प्रियदर्शिन, देवनांपिय |
| समुद्रगुप्त | परक्रमांक |
| चन्द्रगुप्त-II | विक्रमादित्य |
| स्कन्दगुप्त | क्रमादित्य |

4. पुंड्रवर्धन भुक्ति अवस्थित थी—
Pundravardhana Bhukti was located in :
(A) उत्तर बंगाल में/North Bengal
(B) बिहार में/Bihar
(C) ओडिशा में/Odisha
(D) असम में/Assam

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**4.** (A) पुण्ड्रवर्धन का उल्लेख गुप्तकालीन अभिलेखों में हुआ है। गुप्त साम्राज्य में पुण्ड्रवर्धन नाम की एक भुक्ति थी जो पुण्ड्र देश के अन्तर्गत आती थी। इन ताम्रपट्ट लेखों से ज्ञात होता है कि लगभग समग्र उत्तरी बंगाल या पुण्ड्र देश पुण्ड्रवर्धन भुक्ति में सम्मिलित था और यह 443 ई. से 543 ई. तक गुप्त साम्राज्य का अंग था। यहाँ के शासक उपरिक महाराज की उपाधि धारण करते थे और इन्हें गुप्त नरेश नियुक्त करते थे।

5. निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है ?
Which of the following pairs is not correctly matched?
(A) कर्पूरमंजरी-हर्ष/Karpuramanjari-Harsha
(B) मालविकाग्निमित्र-कालिदास/Malavik agnimitra Kalidasa
(C) मुद्राराक्षस-विशाखदत्त/Mudrarakshasa-Visakhadatta
(D) सौन्दरानन्द-अश्वघोष/Saundarananda -Asvaghosha

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**5.** (A) सही मिलान है-
(A) नागानंद, रत्नावली, प्रियदर्शिका-हर्ष
(B) मालविकाग्निमित्र - कालिदास
(C) मुद्राराक्षस - विशाखदत्त
(D) बुद्धचरित, सूत्रालंकार, सोन्दरानन्द - अश्वघोष

**6.** 'परम भागवत' उपाधि धारण करने वाला प्रथम गुप्त शासक था–

The first Gupta ruler to assume the title of 'Parama Bhagawat' was :

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम/Chandragupta I

(B) समुद्रगुप्त/Samudragupta

(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय/Chandragupta II

(D) रामगुप्त/Ramgupta

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**6.** (C) चन्द्रगुप्त द्वितीय (380-412 ई.) के अन्य नाम देवगुप्त, देवराज तथ देवश्री और उपाधियाँ विक्रमांक, विक्रमादित्य और परमभागवत आदि थीं। मेहरौली लेख के अनुसार उसने विष्णुपद पर्वत पर विष्णु ध्वज की स्थापना कराई थी।

**7.** समुद्रगुप्त के प्रयाग प्रशस्ति वाले स्तम्भ पर निम्नलिखित में से किसका लेख मिलता है?

(A) जहाँगीर (B) शाहजहाँ

(C) औरंगजेब (D) दारा शिकोह

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 27-11-2016]**

**7.** (A) समुद्रगुप्त के प्रयाग प्रशस्ति वाले स्तम्भ पर जहाँगीर का लेख मिलता है। इसके अतिरिक्त अशोक की रानी कारुवाकी का लेख तथा अशोक का निर्देश भी खुदा हुआ है। यह अभिलेख मूलतः कौशाम्बी में स्थापित था, जिसे अकबर द्वारा इलाहाबाद के किले में स्थापित करवाया गया था।

**8.** किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त ने हूणों को पराजित किया था?

(A) भीतरी स्तम्भ–अभिलेख

(B) इलाहाबाद स्तम्भ–अभिलेख

(C) मन्दसौर अभिलेख

(D) उदयगिरि अभिलेख

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**8.** (A) भीतरी स्तम्भ अभिलेख में पुष्यमित्र एवं हूणों के साथ स्कन्दगुप्त के युद्ध का वर्णन प्राप्त है। यह अभिलेख उत्तर प्रदेश के गाजापुर जिले में सैदपुर तहसील में भीतरी नामक स्थान पर मिला है। हूणों का पहला भारतीय आक्रमण गुप्त सम्राट स्कंदगुप्त के शासनकाल 455 ई. में हुआ था, जिसमें हूणों को स्कंदगुप्त ने बुरी तरह हरा दिया था।

## गुप्तोत्तर काल

**1.** सातवाहन शासकों के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा/से कथन सत्य है/हैं ?

1. सातवाहन नरेश प्राकृत भाषा के पोषक थे।
2. सातवाहन काल में कला के लोक पक्ष को अधिक प्रोत्साहन मिला।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए।

With reference to the Satavahana Rulers which of the following statement/s is/are true ?

1. The Satavahana Kings were the nurtures of Prakrit language.
2. Public aspect of the arts got more encouragement during the Satavahana period.

Select the correct answer using the codes given below.

**कूट/Codes :**

(A) केवल 1/Only 1

(B) 1 और 2 दोनों/Both 1 and 2

(C) केवल 2/Only 2

(C) न तो 1 न ही 2/Neither 1 nor 2

**[UPPCS (प्रथम पाली), 24-10-2021]**

**1.** (B)
- सातवाहन शासकों के संदर्भ में सातवाहन नरेश प्राकृत भाषा के पोषक थे।
- सातवाहन काल में कला के लोक पक्ष को अधिक प्रोत्साहन मिला।
- सातवाहन वंश, प्राचीन भारत का एक महान राजवंश है। सातवाहन राजाओं ने 300 वर्षों तक शासन किया। सातवाहन वंश की स्थापना 60 ईसा पूर्व राजा सिमुक ने की थी।
- सातवाहन साम्राज्य की राजकीय भाषा प्राकृत व लिपि ब्राह्मी थी।
- सातवाहन राजवंश के द्वारा अजन्ता एवं एलोरा की गुफाओं का निर्माण किया गया था।
- सातवाहन राजाओं ने चाँदी, ताँबे, सीसे, प्रोटीन और काँसे के सिक्कों का प्रचलन किया।

**2.** निम्नलिखित में से कौन त्रिकोणात्मक संघर्ष का हिस्सा नहीं था ?

Who among the following was not a part of tripartite struggle?

(A) प्रतिहार/Pratiharas

(B) पाल/Palas

(C) राष्ट्रकूट/Rastrakutas

(D) चोल/Cholas

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**2.** (D) आठवीं शताब्दी में कन्नौज पर अधिकार करने के लिए तीन बड़ी शक्तियों पाल, गुर्जर प्रतिहार तथा राष्ट्रकूट के बीच संघर्ष प्रारम्भ हुआ तो लगभग 200 वर्षों तक चला। इस त्रिकोणात्मक संघर्ष का अंत गुर्जर प्रतिहार की अंतिम विजय से हुआ।

**3.** निम्नलिखित में से किसने भारत में स्वर्ण सिक्कों का प्रचलन नियमित उपयोग के लिए किया था–

Who among the following introduced gold coins for regular use in India?

(A) विम कैडफिसेज ने/Vim Kadphises

(B) कुजुल कैडफिसेज ने/Kujul Kadphises

(C) कनिष्क ने/Kanishka

(D) हर्मवीज ने/Hermwes

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**3.** (A) भारत में स्वर्ण सिक्कों का प्रचलन नियमित उपयोग के लिए सर्वप्रथम कैडफिसेज ने करवाया। यह शैव मत का अनुयायी था। इसके कुछ सिक्कों पर शिव, नन्दी तथा त्रिशूल की आकृति मिलती है और उसने 'महेश्वर' की उपाधि धारण की।

**4.** कनिष्क के सारनाथ बौद्ध प्रतिमा अभिलेख की तिथि क्या है ?

What is the date of Sarnath Buddhist image inscription of Kanishka?

(A) 78 ई./78 A.D.

(B) 81 ई./81 A.D.

(C) 96 ई./96 A.D

(D) 121 ई./121 A.D.

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (प्र.पे.)]**

**4.** (B) कनिष्क के शासनकाल के तीसरे वर्ष में बौद्ध सन्त बाला द्वारा सारनाथ में बोधिसत्व प्रतिमा लेख स्थापित किया गया, जिसमें कनिष्क के बौद्ध अनुयायी होने की चर्चा की गई है। यह बोधित्सव प्रतिमा लाल पत्थर से बनी है, जो मथुरा मूर्ति निर्माण शैली पर प्रतीक निर्माण है।

**5.** निम्नलिखित में से किस शासक ने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की थी ?

(A) गोपाल (B) देवपाल

(C) महीपाल-I (D) धर्मपाल

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**5.** (D) पाल वंश के राजा धर्मपाल (770-810) द्वारा बौद्ध धर्म को अपनाने तथा परम सौगात की उपाधि धारण करने के पश्चात् बिहार में विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना कराई, जिसके खर्च हेतु 200 गाँव दान में दिए।

**6.** 'द्वारसमुद्र' किस राजवंश की राजधानी थी?

(A) गंग (B) काकतीय

(C) होयसल (D) कदम्ब

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**6.** (C) मध्यकालीन भारत में होयसल राज्य की राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम हलेबिड है, जो कर्नाटक के हासन नामक

जिले में स्थित है। वनवासी कदम्ब की राजधानी थी। तलकाड या कुवलाल गंगा की राजधानी थी। काकतीय वंश का संस्थापक बीमा प्रथम था, जिसने नलगोंडा (हैदराबाद) में राज्य का गठन किया, जिसकी राजधानी अमकोण्ड थी।

**7.** हर्ष ने निम्नलिखित में से किन रचनाओं का लेखन किया था?

1. प्रियदर्शिका 2. नागानन्द
3. हर्षचरित 4. रत्नावली

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए–

**कूट :**

(A) 1, 2, 3 और 4 (B) 1, 2 और 4
(C) 1, 2 और 3 (D) 2 और 3

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**7.** (B) प्राचीन भारत के अन्तिम हिन्दू शासक हर्ष को विद्वानों के संपोषक के रूप में ही नहीं, बल्कि प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागानन्द नामक तीन नाटकों के रचयिता के रूप में भी जाना जाता है। उसे साहित्यकार सम्राट कहा गया है। वाणभट्ट हर्ष के प्रमुख दरबारी कवि थे जिन्होंने हर्षचरित की रचना की।

**8.** निम्नलिखित में से किस/किन राजा/राजाओं को जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुना गया?

Which of the following king/kings was/were elected/chosen directly by the public?

(A) हर्षवर्धन/Harshavardhan
(B) गोपाल/Gopal
(C) यशोवर्मन/Yashovarman
(D) नंदीवर्मन पल्लव पल्लवमल्ल/Nandivarman Pallavamalla

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए–

Select the correct answer using the code given below:

**कूट (Code):**

(A) केवल (1), (2) और (4)/Only (1), (2) and (4)
(B) केवल (2), (3) और (4)/Only (2), (3) and (4)
(C) केवल (2) और (4)/Only (2) and (4)
(D) केवल (2) और (3)/Only (2) and (3)

**[UPPSC RO/ARO प्रारम्भिक परीक्षा, (05-12-2021)]**

**8.** (C)
- हर्षवर्धन ने उत्तर भारत में 606 ई से 647 ईसवी तक राज किया यह वर्धन राज्य वंश के राजा प्रभाकर वर्धन के पुत्र थे हर्षवर्धन वैश क्षत्रिय वंश के थे।
- जब हर्षवर्धन काल के बाद उत्तरी भारत में सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक संकट गहराया बिहार बंगाल तथा उड़ीसा के क्षेत्र में पूरी तरह अराजकता फैली थी इसी समय गोपाल ने बंगाल में एक स्वतंत्र राज्य घोषित किया, जनता द्वारा गोपाल को सिंहासन पर आसीन किया गया था जो कि एक गडरिया था एक योग्य व कुशल शासक था जिसने 750 से 770 ईसवी तक शासन किया।
- यशोवर्मन चंदेल राजवंश के एक शासक थे। इन्होंने 647 से 725 ईसवी तक शासन किया यह मुख्य रूप से लक्ष्मण मंदिर के लिए जाने जाते हैं।
- पल्लव नंदी वर्मन के राज्याभिषेक के समय पारिवारिक कलह हो गयी जिसके कारण जनता की सहायता से वह किसी प्रकार राजा चुना गया पल्लव मल की उपाधि धारण की और वह विष्णु संप्रदाय का अनुयाई था।

## संगम काल तथा दक्षिण भारतीय राज्य

**1.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (महाजनपद)** | **सूची–II (राजधानी)** |
|---|---|
| a. मत्स्य | 1. मथुरा |
| b. कुरु | 2. पोतन |
| c. शूरसेन | 3. विराटनगर |
| d. अश्मक | 4. इन्द्रप्रस्थ |

Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| **List - I (Mahajanpadas)** | **List - II (Capitals)** |
|---|---|
| a. Matsya | 1. Mathura |
| b. Kuru | 2. Potan |
| c. Sursena | 3. Virat Nagar |
| d. Asmak | 4. Indraprastha |

**कूट/Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**[UPPSC (प्रा.) परीक्षा, 11-10-2020 (प्र.पे.)]**

**1.** (C) छठी शताब्दी के प्रमुख महाजनपद व उनकी राजधानी का सही मिलान है– मत्स्य–विराटनगर, कुरु–इन्द्रप्रस्थ, शूरसेन– मथुरा तथा अश्मक–पोतन। ज्ञात हो कि छठीं शताब्दी के 16 महाजनपदों का वर्णन प्रसिद्ध बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय में किया गया है।

**2.** निम्न मन्दिरों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए–

Arrange the following temples in a chronological order and select the correct answer from the codes given below :

1. बृहदीश्वर मन्दिर/Bridhishwar temple
2. गंगईकोण्ड चोलापुरम मन्दिर/Gangaikonda cholapuram temple
3. महाबलीपुरम का तटीय मन्दिर/Shore temple of Mahabalipuram
4. सप्त पैगोडा/Sapt pagoda

**कूट/Codes :**

(A) 1, 2, 4, 3 (B) 2, 1, 3, 4
(C) 3, 2, 1, 4 (D) 4, 3, 1, 2

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**2.** (D) महाबलीपुरम के एकाश्म मन्दिर अथवा सप्त पैगोडा का निर्माण पल्लव राजा नरसिंह वर्मन प्रथम (630-688 ई.) के द्वारा करवाया गया था।

महाबलीपुरम के तटीय मन्दिर का निर्माण 700-720 ई. के मध्य हुआ था। यहाँ तीन मन्दिर हैं। बीच में भगवान विष्णु का मन्दिर है जिसके दोनों ओर शिव का मन्दिर है।

बृहदीश्वर मन्दिर का निर्माण 1003-1010 ई. के बीच चोल शासक राजराज चोल प्रथम ने करवाया था।

गंगईकोण्ड चोलापुरम मन्दिर का निर्माण राजेन्द्र चोल ने 1025 ई. में करवाया था।

**3.** 'विक्रमशिला विहार' का संस्थापक कौन था?

Who was the founder of 'Vikramshila Vihar' ?

(A) गोपाल/Gopal
(B) देवपाल/Devapal
(C) धर्मपाल/Dharmapal
(D) महिपाल/Mahipal

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (प्र.पे.)]**

**3.** (C) पाल वंश के शासक धर्मपाल ने 770-810 ई. तक शासन किया। धर्मपाल बौद्ध मतानुयायी था। उसके लेखों में उसे परमसौगत कहा गया है। तारानाथ के अनुसार उसने 50 धार्मिक विद्यालयों की स्थापना करवाई थी। इसके समय कन्नौज पर स्वामित्व हेतु त्रिदलीय संघर्ष आरम्भ हुआ। कवि सोड्ढल ने उदयसुन्दरी कथा में उसे उत्तरापथस्वामी की उपाधि से विभूषित किया है। बौद्ध धर्म से प्रभावित होकर उसने 'परमसौगात' की उपाधि धारण की, उसका मन्त्री ब्राह्मण वर्ग तथा उसने बौद्ध विद्वान हरिभद्र को भी संरक्षण दिया तथा विक्रमशिला और सोमपुर (पहाड़पुर) विहारों का निर्माण

कराया। बोधगया में चतुर्मुख महादेव की मूर्ति स्थापित करवाई तथा नालन्दा विश्वविद्यालय को (200 गाँव) दान दिए।

**4.** वह चोल राजा कौन था जिसने श्रीलंका को पूर्ण स्वतंत्रता दी और सिंहल राजकुमार के साथ अपनी पुत्री का विवाह कर दिया था ?
Who was the Chola Monarch, who gave complete freed to Sri Lanka and got his daughter married to the Sinhala prince?
(A) कुलोत्तुंग 1/Kulottunga I
(B) राजेन्द्र 1/Rajendra I
(C) अधिराजेन्द्र/Adhirajendra
(D) राजाधिराज 1/Rajadhiraja I
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**4.** (A) पूर्वी चालुक्य वंशीय राजेन्द्र द्वितीय कुलोत्तुंग प्रथम के नाम से चोल साम्राज्य का सम्राट बना। वह चोल शासक राजेन्द्र प्रथम का प्रपौत्र था। कुलोत्तुंग प्रथम के साथ ही चोल चालुक्य वंश की शुरुआत हुई। उसका शासक काल शान्ति का काल था। कुलोत्तुंग प्रथम के शासन काल में पश्चिमी चालुक्यों की ओर से चोलों का विरोध विक्रमादित्य षष्ठ ने किया किन्तु उसे युद्ध में पराजित होना पड़ा। कुलोत्तुंग के समय में श्रीलंका के राजा विजयबाहु ने अपनी स्वतंत्रता घोषित की। किन्तु उसने श्रीलंका में चोल प्रभाव की समाप्ति के प्रति किसी कटुता का प्रदर्शन नहीं किया तथा अपनी पुत्री का विवाह श्रीलंका के राजकुमार वीरप्पेरुमाल के साथ कर दिया।

**5.** निम्नलिखित में से कौन-से संगम पत्तन पश्चिमी तट पर स्थित थे ?
Which of the following Sangam ports were situated on the western coast?
नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
Select the correct answer from the codes given below :
1. कोरकै/Korkai
2. पुहार/Puhar
3. तोण्डी/Tondi
4. मुशिरि/Mushiri

**कूट/Codes :**
(A) केवल 1 एवं 2/1 and 2 only
(B) केवल 2 एवं 3/2 and 3 only
(C) केवल 3 एवं 4/3 and 4 only
(D) केवल 4 एवं 1/4 and 1 only
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (प्र.पे.)]**

**5.** (C) संगम काल में पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाह नौरा (कैन्नौर), तोण्डी, मुशिरी और नेल्सिडा आदि थे। नीर पेयार्क एक अन्य समुद्री बंदरगाह था जहाँ से पश्चिम में घोड़ों और उत्तर से अन्य उत्पादित वस्तुएं लाई जाती थीं।

**6.** निम्नलिखित शासकों के नाम सही कालक्रमानुसार संयोजित कर अपना उत्तर नीचे दिए गए कूट से चयन कीजिए–
1. विद्याधर — 2. धंग
3. यशोवर्मा — 4. कीर्तिवर्मा

**कूट :**
(A) 3, 2, 1, 4 — (B) 1, 3, 2, 4
(C) 3, 1, 4, 2 — (D) 2, 3, 1, 4
**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**6.** (A) प्रश्न में उल्लिखित सभी शासक चन्देल वंश से सम्बन्ध रखते हैं जिनका कालानुक्रम संयोजन निम्न प्रकार है–
यशोवर्मा (930-950 ई.) – धंग (950-1002 ई.) – विद्याधर (1019–1029 ई.) – कीर्तिवर्मा (1060-1100 ई.)

**7.** गुर्जर प्रतिहार शासकों में से किसकी उपाधि 'आदि वराह' थी ?
(A) वत्सराज
(B) नागभट्ट II
(C) मिहिरभोज
(D) नागभट्ट I
**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 08-04-2018]**

**7.** (C) गुर्जर प्रतिहार वंश का सर्वाधिक शक्तिशाली एवं महान शासक भोज प्रथम अथवा मिहिरभोज ने लगभग 50 वर्ष (836 – 885 ई.) तक शासन किया। इन्होंने ही अपने सिक्कों पर 'आदिवराह' की उपाधि का अंकन करवाया था। अरब यात्री सुलेमान द्वारा अपने यात्रा वृत्तान्त में मिहिरभोज को इस्लाम का सबसे बड़ा शत्रु बताया गया था।

## पूर्व मध्य काल

**1.** निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही सुमेलित **नहीं** है ?
Which one of the following is NOT correctly matched ?

| | (शासक/Ruler) | (राज्य/State) |
|---|---|---|
| (A) | राणा हमीर<br>Rana Hamir | – मेवाड़<br>Mewar |
| (B) | राणा चुण्डा<br>Rana Chunda | – मारवाड़<br>Marwar |
| (C) | मलिक राजा फारुकी<br>Malik Raja Farooqi | – खानदेश<br>Khandesh |
| (D) | मलिक सरवर ख्वाजा जहाँ<br>Malik Sarwar Khwaja Jahan | – माला<br>Malwa |

**[UPPCS (प्रथम पाली), 24-10-2021]**

**1.** (D)
- राणा हम्मीर सिंह 14वीं शताब्दी में भारत के राजस्थान के मेवाड़ के योद्धा थे। राणा हम्मीर को विषम घाटी पंचानन की संज्ञा राणा कुम्भा ने कीर्ति स्तम्भ प्रशस्ति में दी।
- राणा चुंडा ने मारवाड़ में सामन्ती प्रथा को प्रारम्भ किया, जबकि सामन्ती प्रथा का वास्तविक संस्थापक राव जोधा को माना जाता है।
- मलिक राजा फारुकी 1382 तक वह खानदेश का पूरी तरह से स्वतंत्र शासक बन गया था। खानदेश कुछ हजार मीलों और कोलियों की आबादी वाला पिछड़ा क्षेत्र था।

**2.** निम्नलिखित युंग्मों में कौन सही सुमेलित नहीं है ?
Which of the following pairs in NOT correctly matched ?
(A) ध्रुवदास - भगत नामावली/Dhru-vadas-Bhagat Namawali
(B) नाभादास - भक्तमाल/Nabhadas - Bhaktamal
(C) रसखान - रसिक प्रिया/Raskhan - Rasik Priya
(D) उस्मान - चित्रावली/Usman -Chitrawali
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**2.** (C) रसिकप्रिया आचार्य केशवदास की प्रसिद्ध रचना है। काव्यशास्त्र में रसविवेचन का विशेष स्थान है, इस दृष्टि से केशव ने इस ग्रन्थ में रस का विशद वर्णन किया है। रसखान कृष्ण भक्त मुस्लिम कवि थे। हिन्दी के कृष्ण भक्त तथा रीतिकालीन रीतिमुक्त कवियों में रसखान का महत्वपूर्ण स्थान है। इनकी प्रमुख कृति रसखान रचनावली है।
सही सुमेल निम्न है–

| | | |
|---|---|---|
| ध्रुवदास | – | भगत नामावली |
| नाभादास | – | भक्तमाल |
| केशवदास | – | रसिकप्रिया |
| उस्मान | – | चित्रावली |

**3.** निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए–
Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**कथन (A) :** मध्यकाल में संगीत पर संस्कृत में लिखी गई अनेक पुस्तकों का फारसी में अनुवाद किया गया।
**Assertion (A) :** Many Sanskrit works on music were translated into Persian during the medieval period.

**कारण (R) :** आरम्भिक चिश्ती सूफी सन्त संगीत सभाओं, जिन्हें समा कहा जाता था, के शौकीन थे।

**Reason (R) :** The early chisti sufis were fond of musical assemblies called. "Sama".

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए–
Select the correct answer from the codes given below :

**कूट /Codes :**

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन, (A) की सही व्याख्या है/Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कारण (R), कथन (A) की व्याख्या नहीं है/Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है/(A) is true, but (R) is false

(D) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है/(A) is false, but (R) is true

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (प्र.पे.)]**

**3.** (B) अकबर ने हिन्दुओं की इस्लाम के प्रति श्रद्धा जगाने के लिए 'अल्लापनिषद्' का संस्कृत में उपनिषद् लिखवाया था, शाहजहाँ के शासन काल में पण्डित जगन्नाथ ने 'रस गंगाधर' एवं 'गंगालहरी' की रचना की थी, जिसका फारसी में अनुवाद किया गया था।
चिश्ती सिलसिला भारत का सबसे प्राचीन सूफी सिलसिला है। इसकी नींव ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ने रखी थी। आरम्भिक चिश्ती सूफी सन्त संगीत सभाओं, जिन्हें समा कहा जाता था, के शौकीन थे। समा का अर्थ सुनना होता है।

**4.** निम्नलिखित में से कौन विक्रमशिला विश्वविद्यालय के संस्थापक थे ?
Who among the following was the founder of Vikramshila University?

(A) गोपाल/Gopal
(B) धर्मपाल/Dharmapala
(C) देवपाल/Devapala
(D) महिपाल/Mahipal

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (प्र.पे.)]**

**4.** (B) हर्ष की मृत्यु के बाद भारत में गुर्जर, पाल और प्रतिहारों के बीच त्रिपक्षीय संघर्ष की स्थिति में, पाल एक प्रमुख शक्ति बनकर उभरे। धर्मपाल महान पाल राजा था, जिसने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की।

**5.** चीनी लेखक भारत का उल्लेख किस नाम से करते हैं ?
The Chinese Writers menstion India by the name of :

(A) फो-क्वो-की/Fo-Kwo-ki
(B) यिन-तु/Yin-tu
(C) सि-यू-की/Si-Yu-Ki
(D) सिकिया-पोनो/Sikia-Pono

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (प्र.पे.)]**

**5.** (B) सि-यू-की ह्वेनसांग का यात्रा विवरण है। चीनी लेखक भारत का उल्लेख 'यिन-तु' नाम से करते हैं। फारसी में हिन्दू यूनानी में 'इण्डोस' आदि नामों से भारत को प्राचीन काल में जाना जाता था।

**6.** वल्लभी विश्वविद्यालय स्थित था–

(A) बिहार में (B) उत्तर प्रदेश में
(C) बंगाल में (D) गुजरात में

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014]**

**6.** (D) वल्लभीपुर प्राचीन भारत का एक प्रमुख नगर था जो पाँचवीं से आठवीं शताब्दी तक मैत्रक वंश की राजधानी के रूप में विख्यात था। यह पश्चिमी भारत के सौराष्ट्र में और बाद में गुजरात राज्य के भावनगर के बंदरगाह के पश्चिमोत्तर में खम्भात की खाड़ी के मुहाने पर स्थित था। इसकी स्थापना 470 ई. में मैत्रक वंश के संस्थापक सेनापति भट्टारक द्वारा कराई गई। यह बौद्ध धर्म की हीनयान शाखा की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध था।

**7.** निम्नलिखित में से किसने काल्पनिक वैज्ञानिक उपकरणों पर पुस्तक लिखी है ?

(A) भोज (B) गोविन्दराज
(C) चन्द्रवर्मन (D) महीपाल

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2013]**

**7.** (A) राजा भोज द्वारा चिकित्सा, गणित एवं व्याकरण पर अनेक ग्रंथ लिखे गए हैं। भोजकृत युक्तिकल्पतरु में वास्तुशास्त्र के साथ–साथ विविध वैज्ञानिक यंत्रों व उनके उपयोग का उल्लेख मिलता है। परमार वंशी शासक भोज ने 1000–1055 ई. में शासन किया। राजा भोज का समरांङ्गण सूत्रधार का 31वाँ अध्याय यंत्र विज्ञान से सम्बन्धित है। इस अध्याय में यंत्र एवं उसके भेद और विविध यंत्र निर्माण पद्धति पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया है।

**8.** 'मत्त विलास प्रहसन' का लेखक कौन था?

(A) गौतमीपुत्र सातकर्णि
(B) महाक्षत्रप रुद्रदामन
(C) महेन्द्र वर्मन
(D) पुलकेशी द्वितीय

**[उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010]**

**8.** (C) मत्त विलास प्रहसन के लेखक महेन्द्र वर्मन को माना गया है। ये पहले जैन धर्म के अनुयायी थे परन्तु कुछ समय बाद में उन्होंने शैव धर्म स्वीकार कर लिया। पल्लव वंश के शासक थे जो तमिल संत अय्यर के प्रभाव में शैव बन गये।

■■

# अध्याय 1 हिंदी भाषा का विकास तथा कार्य रचनाएँ एवं भाषा शैली

**1.** कन्नौजी बोली किस जनपद में बोली जाती है ?
(A) मेरठ जनपद (B) देहरादून जनपद
(C) हरदोई जनपद (D) मथुरा जनपद
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**1.** (C) कन्नौजी बोली हरदोई जिले में बोली जाती है तथा मेरठ में खड़ी बोली बोली जाती है।

**2.** अधोलिखित में से एक भोजपुरी क्षेत्र नहीं हैं–
(A) देवरिया (B) मिर्जापुर
(C) इलाहाबाद (D) बलिया
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**2.** (C) दिये गये विकल्पों में देवरिया, मिर्जापुर और बलिया भोजपुरी क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, जबकि इलाहाबाद अवधी बोली का क्षेत्र है।

**3.** फैजाबाद जनपद में बोली जाने वाली बोली है–
(A) खड़ी बोली (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) अवधी
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**3.** (D) फैजाबाद जिले में बोली जाने वाली बोली अवधी है।

**4.** अधोलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है ?
(A) ब्रज (B) अवधी
(C) भोजपुरी (D) बघेली
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**4.** (D) दिये गये विकल्पों में ब्रज, अवधी और भोजपुरी उत्तर प्रदेश की बोली है, जबकि बघेली मध्य प्रदेश की बोली है।

**5.** बहराइच, सुल्तानपुर, रायबरेली किस बोली के क्षेत्र हैं ?
(A) छत्तीसगढ़ी (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) अवधी
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**5.** (D) बहराइच, सुल्तानपुर, रायबरेली क्षेत्र अवधी बोली के क्षेत्र हैं।

**6.** 'आयौ' शब्द निम्नलिखित में से किस बोली का है ?
(A) भोजपुरी (B) अवधी
(C) ब्रज (D) खड़ी बोली
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**6.** (C) आयौ, गयौ, करयौ आदि ब्रज बोली के शब्द हैं।

**7.** 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई है ?
(A) खड़ी बोली हिन्दी
(B) ब्रजभाषा
(C) अवधी
(D) मैथिली
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**7.** (C) 'रामचरितमानस' की रचना अवधी भाषा में हुई है। यह भाषा प्राकृत से शौरसेनी में अपभ्रंश हुई तथा आधुनिक हिन्दी की ओर बढ़ी जो खड़ी बोली का पूर्वरूप थी। रामचरितमानस के वर्तमान संस्करणों में कर्तवाचक उकार शब्दों की बहुलता भी थी।

**8.** खड़ी बोली हिन्दी का अन्य सही नाम है–
(A) भारती (B) कौरवी
(C) हरियाणवी (D) हिन्दी
**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (C-SAT) द्वि. पे.]**

**8.** (B) खड़ी बोली हिन्दी पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली है। इसका अन्य नाम कौरवी है। यह दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, देहरादून आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

❑❑

# English

## Noun

1. In a sentence, "he finished the job at one go", the word 'go' is
(A) Verb (B) Noun
(C) Adverb (D) Adjective
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 11-10-2020
(C-SAT) द्वि. पे.]

1. (B) In a sentence, "he finished the job at one go", the word 'go' is a Noun.

2. Which of the following words is not a noun?
(A) Mention (B) Quench
(C) Trench (D) Tension
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015
(C-SAT) द्वि. पे.]

2. (B) Mention = To write or speak about somebody or something
Quench = To stop a fire from burning To drink so that you no longer feel thirst.
Trench = a long deep hole dug in the ground
Tension = stress

## Pronoun

1. Fill in the blank with the most appropriate word from the alternatives given below the sentence.
His............was inscribed on a slab of pure, white marble.
(A) Epilogue (B) Epigraph
(C) Epigram (D) Epitaph
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014
(C-SAT) द्वि. पे.]

1. (D) His Epitaph was inscribed on a slab of pure, white marble. Epitaph means the words that are written or said about a dead person, especially words on a gravestone.

2. Pick out the word which is nearest in meaning to the given word. 'Animus'
(A) Vulgarity
(B) Ambition
(C) Hostile feeling
(D) Enthusiasm
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014
(C-SAT) द्वि. पे.]

2. (C) The nearest in meaning to the given word 'Animus' is Hostile feeling. Here, Animus means, a strong feeling of opposition, anger or hattered.

## Adjective

1. Fill in the blank in the given sentence by choosing the correct option.
No sooner did she arrive............they started laughing.
(A) than (B) when
(C) then (D) that
[UPPCS (CSAT) (द्वितीय पाली),
24-10-2021]

1. (A) रिक्त स्थान में than का प्रयोग उचित है। वाक्य No sooner.......than के Structure पर आधारित है।

2. Choose the correct part of speech/word class of the word "interesting" in the following sentence.
This book is interesting.
(A) auxiliary (B) adverb
(C) adjective (D) noun
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019
(C-SAT) द्वि. पे.]

2. (C) वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'interesting' (रुचिकर/मनोहर) Adjective (विशेषण) है।

3. Choose the correct option.
This Pen is much ________ than that.
(A) cheaper (B) more cheaper
(C) the cheaper (D) cheapest
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019
(C-SAT) द्वि. पे.]

3. (A) वाक्य के रिक्त स्थान में cheaper (adj.) का प्रयोग सही है, क्योंकि Comparison दो Pen (पेनों) के बीच है।

4. Fill in blank in the following sentence by choosing the most appropriate alternative–
The story is too fantastic to be.....
(A) praiseworthy
(B) readable
(C) credible
(D) false
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015
(C-SAT) द्वि. पे.]

4. (C) The story is too fantastic to be credible.

5. The Word ' lovely' is
(A) a gerund (B) a verb
(C) an adjective (D) an adverb
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013
(C-SAT) द्वि. पे.]

5. (C) The word 'lovely' is an adjective Which means' attractive/charming.

## Adverb

1. Identify the part of speech of the underlined word :
The boys ran <u>round</u> the tree.
(A) adjective (B) adverb
(C) noun (D) preposition
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018
(C-SAT) द्वि. पे.]

1. (B) The word 'round' in the given sentence gives more information about the verb 'ran'. It describes how or in what way the boys ran. So 'round' is used as an adverb in the given sentence.

2. Point out the sentence in which the underlined word is an adverb.
(A) To eat and drink <u>temperately</u> is the best way to preserve health.
(B) <u>Temperance</u> is the best way to preserve health.
(C) The best way to preserve health is to be <u>temperate</u> in eating and drinking
(D) <u>Temperature</u> goes up if one eats and drink intemperately.
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015
(C-SAT) द्वि. पे.]

**2.** (A) Temperately = adverb, Temperance = Noun, Temperate = adjective, Temperature = Noun

**3.** Which part of speech has been used in the underlined word in the sentence?
"The plane goes <u>direct</u> from London to Huston without stopping".
(A) Noun (B) Adjective
(C) Adverb (D) Conjunction
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (C-SAT) द्वि. पे.]

**3.** (C) Here, 'Direct' is used as an adverbial form.

# Preposition

**1.** Fill in the blank in the given sentence by choosing the correct option.
Put _________ the clock, it is twenty minutes fast.
(A) up (B) down
(C) off (D) back
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019 (C-SAT) द्वि. पे.]

**1.** (D) दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान में put back (पुन: उसी स्थान पर रखना/पीछे बढ़ाना) का प्रयोग सही है।

**2.** Fill in the blank with the appropriate word
It is difficult for me to part........my belongings.
(A) with (B) from
(C) away (D) off
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (C-SAT) द्वि. पे.]

**2.** (A) 'With' is suitable to fill the given blank as the Phrasal Verb' part with something means equal or similar to someone or something.

**3.** Fill in the blank with the correct option
I tried to help him....the best of my ability
(A) at (B) to
(C) from (D) of
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2018 (C-SAT) द्वि. पे.]

**3.** (B) The preposition 'to' is suitable to fill the given blank. As the phrase 'To the best of (one's) ability' means to the limit of ones skills, resources or enery.

**4.** Which part of speech is used in the underlined word?
He takes <u>after</u> his father.
(A) Adverb (B) Adjective
(C) Conjunction (D) Preposition
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]

**4.** (D) After used as Preposition
A Preposition is a word used with a noun or pronoun stands the person
or thing denoted by the noun or pronoun stands in relation to something else.
**Example :** The man in on the platform.
She arrived after dinner.

**5.** Fill in the blank in the given sentence choosing the correct option :
The rule is applicable ............ everyone.
(A) For (B) to
(C) about (D) with
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]

**5.** (B) The rule is applicable <u>to</u> everyone. Word 'applicable' is always followed by preposition. <u>To</u> within a sentence.

**6.** Fill in the blank in the given sentence with the correct prepositon.
I have decided to give ........... drinking.
(A) in (B) with
(C) away (D) up
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]

**6.** (D) 'up' is suitable preposition to fill in the blank.

**7.** Fill in the blank in the given sentence with the correct preposition.
At last, he made ........ his mind to support us.
(A) with (B) on
(C) up (D) of
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) द्वि. पे.]

**7.** (C) up is suitable preposition to fill in the blank.

**8.** Fill in the blank in the given sentence by choosing the correct option:
Please do not forget to submit your application ......... time.
(A) by (B) of
(C) in (D) with
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (C-SAT) द्वि. पे.]

**8.** (C) The correct word for the blank is 'in'. Please do not forget to submit your appplication in time.

**9.** Fill in the blank with an appropriate preposition given in alternatives below the sentence.
'He has pasted the notice.........the board'.
(A) He has pasted the notice in the board
(B) He has pasted the notice on the board
(C) He has pasted the notice upon the board
(D) He has pasted the notice at the board
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (C-SAT) द्वि. पे.]

**9.** (B) He has pasted the notice on the board.

**10.** Fill in the blank in the following snetence and choose your answer from the option given below the sentence.
John got....... the examination.
(A) up (B) at
(C) down (D) through
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (C-SAT) द्वि. पे.]

**10.** (D) The word 'through' is appropriate preposition to fill in the blank.

# Conjunction

**1.** Choose the correct conjunction from the following options to complete the sentence :
"He got up ________ he was ill".
(A) Until (B) Because
(C) Although (D) If
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 11-10-2020 (C-SAT) द्वि. पे.]

**1.** (C) He got up **although** he was ill.

**2.** Identify the part of speech of the underlined word :
It will be five years <u>before</u> we meet again
(A) Preposition (B) Adverb
(C) Conjunction (D) Adjective
[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (C-SAT) द्वि. पे.]

**2.** (C) Before is used as a Conjunction to refer to timed events.

# Non-Finite Verb (Infinitive, Gerund and Participle)

**1.** point out the correct sentence.
(A) I know to operate that computer.
(B) I know how to operate that computer.

अध्याय

# 1

# संख्या पद्धति

**1.** 1 से लेकर 100 तक की कितनी संख्याएँ हैं जो न केवल 4 से पूर्णतया विभाजित हों, बल्कि उनमें 4 का अंक भी हो ?

How many numbers from 1 to 100 are there each of which is not only exactly divisible by 4 but also has 4 as a digit ?

(A) 7 (B) 10

(C) 20 (D) 21

**[UPPCS (CSAT) (द्वितीय पाली), 24-10-2021]**

**1.** (A) 1 से लेकर 100 तक ऐसी संख्याएँ, जो 4 से पूर्णतया विभाजित होती हों और उनमें 4 का अंक हो, है 4, 24, 40, 44, 48, 64 और 84.

**2.** $x$ का न्यूनतम मान क्या होगा जिसके लिये संख्या $\{3(x + 63) + 640\}$ पूरी तरह 17 से विभाजित हो ?

What will be the minimum value of $x$ for which the number $\{3(x + 63) + 640\}$ is completely divisible by 17 ?

(A) 82 (B) 24

(C) 7 (D) 3

**[UPPCS (CSAT) (द्वितीय पाली), 24-10-2021]**

**2.** (C) $\Rightarrow 3(x + 63) + 640$

$\Rightarrow 3x - 189 + 640$

$\Rightarrow 3x + 829$

$$\frac{3x+13}{17}+\frac{816}{17}$$

यदि $3(x + 63) + 64$ को पूर्णत: 17 से विभाजित करने के लिए $3x - 13$ को भी 17 से विभाजित होना होगा।

यदि $x - 3$, तो $3 \times 3 + 13 - 22$ जो 17 से पूर्णत: विभाजित नहीं होगा।

यदि $x - 7$, तो $3 \times 7 + 13 - 34$ जो 17 से पूर्णत: विभाजित है।

अत: $x$ का न्यूनतम मान 7 है।

**3.** तीन अभाज्य संख्याओं का योग 100 है। यदि उनमें से एक संख्या दूसरे से 24 अधिक हो, तो उनमें से दूसरी संख्या है –

The sum of the three prime numbers is 100. If one of them exceeds another number by 24, then one of the other number is :

(A) 7 (B) 29

(C) 43 (D) 61

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**3.** (D) माना, $100 = 61 + 37 + 2$

जहाँ, 61, 37 व 2 सभी अभाज्य संख्याएँ है।

और, $61 - 37 = 24$

अत: दूसरी संख्या 61 होगी।

**4.** 11 से 50 के बीच कितनी संख्याएँ ऐसी हैं जो 7 से विभाज्य हैं, परन्तु 3 से विभाज्य नहीं हैं?

How many numbers from 11 to 50 are divisible by 7 but NOT by 3 ?

(A) 2 (B) 4

(C) 5 (D) 6

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 15-12-2019 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**4.** (B) 11 से 50 के बीच 7 से विभाजित, परन्तु 3 से विभाज्य न होने वाली संख्याएँ निम्न हैं–

14, 28, 35, 49

अत: कुल संख्याएँ = 4

**5.** 3 से विभाज्य संख्याओं को छोड़कर 1 से 99 संख्याओ तक की गिनती में अंक 5 कितनी बार आएगा?

How many times will the digit 5 come in counting from 1 to 99 excluding those which are divisible by 3 ?

(A) 13 (B) 14

(C) 15 (D) 20

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2017 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**5.** (B) 3 से विभाज्य संख्या, जिसमें अंक 5 है; वह निम्न है–

15, 45, 51, 54, 57, 75

इनको छोड़कर 1 से 99 संख्याओं तक की गिनती में अंक 5 की संख्या = 5, 25, 35, 50, 52, 53, 55, 56, 58, 59, 65, 85, 95

**6.** यदि $n$ को 7 से विभाजित किया जाए, जो शेषफल 4 आता है। यदि $3n + 1$ को 7 से विभाजित किया जाए, तो शेषफल होगा

If n is divided by 7, the remainder is 4. If $3n + 1$ is divided by 7 the remain der is :

(A) 0 (B) 3

(C) 5 (D) 6

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2014 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**6.** (D) $n$ को 7 से विभाजित करने पर शेषफल = 4

अत: $n - 7 \times 1 + 4$

$- 11$

अत: $(3n + 1) = (3 \times 11 - 1)$

$= 34$

प्रश्नानुसार, 34 को 7 से विभाजित करने पर

7 ) 34 ( 4
28
———
6 = शेषफल

**7.** निम्नलिखित में से परिमेय संख्या है–

The rational number in the following is :

(A) 1.010010001 ......

(B) 2.371371 ......

(C) $\frac{\sqrt{2}-1}{\sqrt{2}+1}$

(D) $\pi$

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**7.** (B) विकल्प (B) से,

$2.371371...... = 2.\overline{371}$

$$= \left(2+\frac{371}{999}\right) = 2\frac{371}{999}$$

यह एक परिमेय संख्या है।

**8.** 50 लोगों के एक समूह में 35 लोग हिन्दी बोलते हैं, 25 लोग हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बोलते हैं, तथा सभी लोग हिन्दी या अंग्रेजी या दोनों भाषा बोलते हैं। बताइए उन लोगों की संख्या क्या है जो केवल अंग्रेजी बोलते हैं ?

In a group of 50 people, 35 speak Hindi, 25 speak both Hindi and English and all people speak Hindi or English or both. The number of people who speak English only is :

(A) 40 (B) 20
(C) 15 (D) 10

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2012 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**8.** (C) माना हिन्दी बोलने वालों की संख्या
$= n(H)$
तथा अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या
$= n(E)$
प्रश्नानुसार
$\because n(H \cup E) = 50, n(H \cap E) = 25$
तथा
$n(H) = 35$
$\because n(H \cup E) = n(H) + n(E) - n(H \cap E)$
$\Rightarrow 50 = 35 + n(E) - 25$
$\Rightarrow 40 = n(E)$
अतः अंग्रेजी बोलने वालों की संख्या
= 40
$\therefore$ केवल अंगेजी बोलने वालों की संख्या
= (40  25) = 15

**9.** यदि 10 और 50 के मध्य एक अभाज्य संख्या इस प्रकार है कि उसके अंकों को आपस में बदलने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, तो उस संख्या का वर्ग है–

(A) 121 (B) 484
(C) 1089 (D) 1936

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014**

**9.** (A) यदि 10 और 50 के मध्य 11, 22, 33, 44 ऐसी संख्याएँ है जिनके अंकों को आपस में बदलने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन इसमें केवल 11 ही अभाज्य संख्या है।
$\therefore 11^2 = 11 \times 11 = 121$

**10.** निम्नलिखित में से कौन–सा समूह अन्य से भिन्न है?

(A) 3, 11, 13, 17 (B) 7, 14, 18, 37
(C) 3, 5, 41, 47 (D) 3, 7, 17, 71

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014**

**10.** (B) 3, 11, 13, 17, 3, 5, 41, 47, 3, 7, 17, 71 में सभी विषम अभाज्य संख्याएँ हैं, जबकि 7, 14, 18, 37 में 14, 18 दो सम तथा भाज्य संख्याएँ हैं।

**11.** 100 को विभाजित करने वाली प्राकृत संख्याओं का योग है–

(A) 116 (B) 117
(C) 216 (D) 217

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014**

**11.** (D) 100 को विभाजित करने वाली प्राकृतिक संख्याएँ
1, 2, 4, 5, 10, 20, 25, 50, 100
संख्याओं का योग = 1 + 2 + 4 + 5 + 10 + 20 + 25 + 50 + 100 = 217

**12.** अपरिमेय संख्या है–

(A) 9 (B) $\frac{1}{9}$
(C) $\sqrt{0.9}$ (D) $\sqrt{.09}$

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010**

**12.** (C) $\sqrt{0.9}$ को $\frac{a}{b}$ के रूप में नहीं लिखा जा सकता। ऐसी संख्या को अपरिमेय संख्या कहते है। इसके अतिरिक्त अन्य संख्याओं $\left(9, \frac{1}{9}, \sqrt{0.09}\right)$ को $\frac{a}{b}$ के रूप में लिखा जा सकता है। अतः वे सभी परिमेय संख्याएँ हैं।
$9 = \frac{9}{1}$ (परिमेय संख्या)
$\frac{1}{9}$ (परिमेय संख्या)
$\sqrt{0.09} = 0.3 = \frac{3}{10}$ परिमेय संख्या

**13.** 500 व्यक्तियों के एक समूह में 300 व्यक्ति केवल हिन्दी बोल सकते हैं तथा 120 केवल अंग्रेजी बोल सकते है, तो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बोल सकने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी होगी?

(A) 20 (B) 80
(C) 60 (D) 100

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010**

**13.** (B) व्यक्तियों की कुल संख्या = 500
केवल हिन्दी बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या = 300
केवल अंग्रेजी बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या = 120
हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों बोलने वाले व्यक्ति = 500 – (300 + 120)
= 500 – 420 = 80

**14.** यदि 100 छात्रों में से 40 छात्र अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हैं, 20 हिन्दी में अनुत्तीर्ण हैं और 12 छात्र अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में अनुत्तीर्ण है, तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण छात्रों की संख्या कितनी होगी?

(A) 48 (B) 52
(C) 28 (D) 40

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010**

**14.** (B) छात्रों की कुल संख्या = 100
अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण छात्र = 40
हिन्दी में अनुत्तीर्ण छात्र = 20
अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों में अनुत्तीर्ण छात्र = 12
कुल अनुत्तीर्ण छात्र
= 40 + 20  12 = 48
$\therefore$ अभीष्ट उत्तीर्ण छात्र
= 100 – 48 = 52

❑❑

# अध्याय 1

# अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण

**1.** 'PROFESSIONAL' शब्द के अक्षरों से निम्नलिखित में से कौन-सा एक शब्द नहीं बनाया जा सकता है ?

Which one of the following word can NOT be formed using the letters of the word 'PROFESSIONAL' ?

(A) PASSION (B) FINAL

(C) NORMAL (D) LESSION

**[UPPCS (CSAT) (द्वितीय पाली), 24-10-2021]**

**1.** (C) दिये गये शब्द में अक्षर 'M' नहीं है। इसलिए 'NORMAL' शब्द दिये गये शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करके तीसरा शब्द प्राप्त कीजिए।

By arranging the following words according to the English dictionary, find the third word.
Queasy, Queen, Quality, Question, Quarter

(A) Quality (B) Queasy

(C) Quarter (D) Queen

**[UPPCS (CSAT) (द्वितीय पाली), 24-10-2021]**

**2.** (B) शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार लगाने पर,
Quality → Quarter → Queasy → Queen → Question
शब्दकोश के अनुसार तीसरा शब्द Queasy है।

**3.** EAML अक्षरों में कितने सार्थक शब्द निर्मित हो सकते हैं ?

How many meaningful words can be formed with the letters EAML?

(A) 1 (B) 3

(C) 4 (D) 2

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**3.** (B) EAML अक्षरों से तीन सार्थक शब्द MEAL , MALE तथा LAME बनाएँ जा सकते हैं।

**4.** 25 अंग्रेजी के वर्ण नीचे लिखे गए हैं :

25 English alphabets are listed below :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| V | C | F | U | M |
| P | O | X | S | H |
| J | Z | A | I | E |
| B | L | D | K | Q |
| N | W | G | T | Y |

यदि इन सभी को वर्ण के क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाये, तो किस अक्षर का स्थान नहीं बदलेगा ?

If all the letters were to be arranged alphabetically which letter would not change its position?

(A) U (B) W

(C) X (D) Y

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2016 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**4.** (D) नई व्यवस्था के अनुसार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| C | F | M | U | V |
| H | O | P | S | X |
| A | E | I | J | Z |
| B | D | K | L | Q |
| G | N | T | W | Y |

दिए गए सभी वर्णों का वर्णक्रमानुसार रखने पर O तथा Y का स्थान नहीं बदलेगा।

**5.** निम्नलिखित अक्षरों में से कौन अक्षर G और Q के बिल्कुल मध्य में है ?

Which letter is exactly midway between G and Q in the given alphabets ?

(A) K (B) L

(C) M (D) N

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2015 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**5.** (B) G H I J K (L) M N O P Q
बायाँ मध्य में दायाँ

**6.** WEDNESDAY के लिखने का निम्नलिखित में से कौन-सा सही ढंग होगा, जबकि शब्द के प्रथम, बीच के तथा अन्तिम अक्षर और शब्द के सभी स्वर अंग्रेजी के छोटे अक्षरों से तथा शेष बड़े अक्षरों से लिखे जाएँ ?

Which of the following will be the correct way of writing WEDNESDAY if the first, middle and last letters of the word and vowels in the word are written small and all other letters written in capital form ?

(A) WeDNESDay

(B) weDNeSDay

(C) WeDNesDAY

(D) weDneSDay

**[UPPSC (प्र.) प्रा. परीक्षा, 2013 (C-SAT) (द्वि.पे.)]**

**6.** (B) शब्द 'WEDNESDAY' का पहला, बीच का तथा अंतिम अक्षर क्रमशः W, E तथा Y है।
इस शब्द के स्वर अक्षर क्रमशः E तथा A है।
अतः प्रश्नानुसार सही शब्द weDNeSDay होगा।

**7.** यदि शब्द 'MATHEMATICS' में M को P से, A को D से, T को W से और इसी प्रकार अन्य को बदल दिया जाए, तो नवीन अक्षर शृंखला का 9वाँ अक्षर होगा—

(A) K (B) L

(C) F (D) W

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014**

**7.** (B) प्रश्नानुसार अक्षरों को बदलने पर,

$M \xrightarrow{+3} P$, $A \xrightarrow{+3} D$,

$T \xrightarrow{+3} W$, $H \xrightarrow{+3} K$,

$E \xrightarrow{+3} H$, $I \xrightarrow{+3} L$,

$C \xrightarrow{+3} F$, $S \xrightarrow{+3} V$

नई शृंखला : PDWKH PDWL F V
नई शृंखला में 9 वें स्थान पर L आयेगा।

**8.** एक समय में केवल एक अक्षर परिवर्तित करते हुए कितने न्यूनतम चरणों में शब्द 'LOCK' को 'BANK' में बदला जा सकता है? प्रत्येक परिवर्तन में एक सार्थक शब्द बनना चाहिए।

(A) 6 (B) 5

(C) 4 (D) 3

**उ. प्र. समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014**

**8.** (D) चरण-1 LOCK | O प्रतिस्थापित A | LACK
चरण-2 LACK | L प्रतिस्थापित B | BACK
चरण-3 BACK | C प्रतिस्थापित N | BANK
'LOCK' को 'BANK' में बदलने के लिए तीन चरणों की आवश्यकता है।